


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 10 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-03 ■ वर्ष -41 ■ अंक-164 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भारतीय छात्रों को कनाडा से झटका

**नई दिल्ली/टोरंटो ,10 सितंबर ।** अमेरिका की ट्रंप सरकार द्वारा प्रवासी छात्रों और एच-1बी वीजा धारकों पर सख्ती के बाद अब कनाडा ने भी भारतीय छात्रों के लिए वीज़ा प्रक्रिया कड़ी कर दी है। कनाडा की इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा के अनुसार, 2025 में 80 प्रतिशत भारतीय छात्र वीज़ा आवेदनों को खारिज कर दिया गया है, जो पिछले एक दशक में सबसे अधिक है। कनाडा सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में केवल 1.88 लाख भारतीय छात्रों को ही एडमिशन मिला, जबकि यह संख्या दो साल पहले लगभग दोगुनी थी। इस गिरावट का असर वहां के कॉलेजों में नामांकन पर भी पड़ा है। कनाडा में वीज़ा अस्वीकृति दर बढऩे के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं, जिनमें प्रमुख कारण आवासीय सुविधा की भारी कमी, बुनियादी ढांचे पर बढ़ता दबाव स्थानीय राजनीति का असर, नए और सख्त वीज़ा नियम हैं।

### आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**रांची ,10 सितंबर ।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को रांची के लोअर बाजार इलाके से आईएसआईएस से जुड़े संदिग्ध आतंकी अशहर दानिश को गिरफ्तार किया गया। उसने शहर के इस्लामनगर स्थित तबारक लॉज को ठिकाना बना रखा था। उसके पास से हथियार, केमिकल और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस और एटीएस ने झारखंड के पलामू में भी छापेमारी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आतंकी अशहर दानिश मूल रूप से झारखंड के बोकारो जिले के पेटरवार का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल काफी समय से उसकी तलाश में थी। उसके खिलाफ दिल्ली में दर्ज एक मामले के आधार पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी।

### सियाचिन बेस कैंप पर भीषण हिमस्खलन 3 जवान शहीद

**सियाचिन/लेह ,10 सितंबर ।** लद्दाख स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर में मंगलवार को एक भीषण हिमस्खलन की चपेट में आने से भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए। सेना से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पांच अन्य जवान अभी भी बर्फ में फंसे हुए हैं, जिन्हें बचाने के लिए सेना और वायुसेना का बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब महार रेजिमेंट के जवान बेसकैंप के पास लगभग 12,000 फीट की ऊंचाई पर गश्त कर रहे थे। तभी अचानक आए बर्फीले तूफान ने पूरी पेट्रोलिंग पार्टी को अपनी चपेट में ले लिया। सेना की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक कैप्टन को सुरक्षित बचा लिया है। शहीद हुए जवान गुजरात, उत्तर प्रदेश और झारखंड के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही लेह और उधमपुर से सेना की विशेषज्ञ हिमस्खलन बचाव टीमों (रक्रञ्ज) को तुरंत मौके पर रवाना कर दिया गया। भारतीय वायुसेना के चीता और रूद्ब-17 हेलीकॉप्टरों को भी बचाव कार्य में लगाया गया है ताकि फंसे हुए जवानों को जल्द से जल्द निकालकर अस्पताल पहुंचाया जा सके। हालांकि, शून्य से 60 डिग्री नीचे के तापमान और दुर्गम बर्फीले इलाके के कारण बचाव कार्य में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि सियाचिन ग्लेशियर कराकोरम पर्वत श्रृंखला में 20,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

# भारत की सीमा तक पहुंची नेपाल की हिंसा

**कांठमांडू,10 सितंबर।** नेपाल में पिछले दो दिनों से जोर-शोर से प्रदर्शन चल रहा है, जो कि हिंसा में बदल गया। पड़ोसी देश में हिंसा के माहौल को देखते हुए भारत सरकार ने नेपाल के बॉर्डर वाले जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी है। नेपाल के बॉर्डर से सटे 7 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। इनमें महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत शामिल हैं। इन सभी जिलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। इसके साथ ही खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट पर हैं। बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ पैरा मिलिट्री जवान भी तैनात कर दिए गए हैं। इसके साथ ही बिहार में भी नेपाल के बॉर्डर से सटे जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नेपाल और भारत के बीच आवाजाही पर रोक लगा दी है। भारत से नेपाल जाने वाली सभी फ्लाइट को भी कैंसिल कर दिया गया है।

### जेल से भागे 6,000 कैदी

हिंसक प्रदर्शनों के बीच नेपाल की अलग अलग जेलों से कैदियों के भागने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जेलों से भागने का एक बड़ा मामला सामने आया है। 18 ज़िलों की जेलों से 6,000 से ज़्यादा कैदी फरार हो गए हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि कई जगहों पर कैदियों ने जेल के दरवाज़े तोड़ दिए, जबकि कुछ जगहों पर उन्होंने बाहर निकलने के लिए चारदीवारी तोड़ दी। इस सामूहिक जेल ब्रेक ने देश में पहले से ही व्याप्त अराजकता को और बढ़ा दिया है, जिससे अधिकारियों को नियंत्रण पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### सेना ने कंट्रोल में लिया काठमांडू एयरपोर्ट

नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के बाद काठमांडू स्थित त्रिभुवन एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। वहीं, अब नेपाल की सेना ने त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया है। दरअसल, मंगलवार शाम को प्रदर्शनकारियों ने एयरपोर्ट के अंदर घुसने की कोशिश की, जिसके चलते सेना ने यह कदम उठाया। इसके साथ ही सेना ने सरकार के मुख्य सचिवालय भवन सिंह दरबार का कंट्रोल भी अपने हाथ में ले लिया है।

नेपाल के युवाओं ने सोमवार को सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू किया, जिसे रोकने के लिए सरकार ने बल का प्रयोग किया। इसमें 15 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इससे प्रदर्शन और भी ज्यादा हिंसक हो गया। देश में बिगड़ते हालात को देखते हुए मंगलवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, Gen-Z प्रदर्शनकारियों ने राजधानी काठमांडू में हिंसक प्रदर्शन करते हुए मंत्रियों और राजनेताओं को निशाना बनाया। Gen-Z ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, पूर्व पीएम समेत कई मंत्रियों के घर पर तोड़फोड़ और आगजनी की।



### PM मोदी ने की शांति की अपील

पड़ोसी देश में हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिंता जाहिर की है। पीएम मोदी ने नेपाल के घटनाक्रम को लेकर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नेपाल में हुई हिंसा दुखद बताया है। उन्होंने लिखा, 'मुझे इस बात का दुःख है कि कई युवाओं ने अपनी जान गँवाई है। नेपाल की स्थिरता, शांति और समृद्धि हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं नेपाल के सभी भाइयों और बहनों से विनम्रतापूर्वक शांति का समर्थन करने की अपील करता हूं।'

### भारत नेपाल बॉर्डर तक पहुंची हिंसा

नेपाल की राजधानी काठमांडू में भड़की हिंसा की आग भारत नेपाल की सीमा तक भी पहुंच गई। मंगलवार शाम को बॉर्डर के पास बीपी चौक और त्रिभुवन चौक पर प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ और आगजनी की और रुपईडीहा के पास जमुनहा तक मार्च किया। यहां पर प्रदर्शनकारियों ने भारतीय पुलिस और एसएसबी जवानों के सामने नारेबाजी की और सीमा पर नेपाली सरकारी संपत्ति को आग लगा दी।

### नेपाल बॉर्डर से लौट रहे लोग

पड़ोसी देश में हिंसा के मद्देनजर भारत से नेपाल जा रहे लोगों को अपनी योजना रद्द करनी पड़ी। नेपाल जा रहे सभी लोग अपनी योजना रद्द करके वापस लौट रहे हैं। नेपाल के पीएम के इस्तीफे के बाद पड़ोसी देश में अशांति फैल गई है। भारत-नेपाल बॉर्डर के आसपास लगने बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## सीएएफ के जवान ने साली और चाचा ससुर पर चलाई गोली, दोनों की मौत

**कोरबा,10 सितंबर।** जिले में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। हरदीबाजार थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी साली और चाचा ससुर पर रायफल से गोलियां दाग दीं। घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक चली गोलियों से इलाके में दहशत फैल गई और बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार जवान का नाम टेसराम बिंझवार बताया जा रहा है, जो कि एतमनगर में बांगा बटालियन में पदस्थ है। मिंझवार का उसकी पत्नी से तलाक हो गया है, जिसके बाद से उसका पत्नी के परिवार से विवाद चल रहा था। आज वह अपने ससुराल गया हुआ था तभी किसी बात को लेकर मिंझवार का उनसे विवाद हुआ और उसने तैश में आकर अपनी साली मदालसा बिंझवार और चाचा ससुर राजेश बिंझवार पर गोलियां दाग दीं। इस हमले में दोनों की मौके पर मौत हो गई। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी जवान को पुलिस ने तुरंत नेवसा नर्सरी के पास गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि घटना की जड़ पारिवारिक तनाव और विवाद से जुड़ी है। फिलहाल पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया है और विस्तृत जांच की जा रही है।इस बीच मृतकों के परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर अस्पताल के बाहर मृतकों का शव रखकर चक्का जाम कर दिया है।



उनकी मांग है कि आरोपी जवान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें मुआवजा दिया जाए। चक्का जाम से अस्पताल के पास वाहनों की भीड़ लग गई है।

गौरतलब है कि यह घटना ऐसे समय में हुई है जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की अहम बैठक में शामिल होने के लिए कोरबा पहुंचने वाले हैं। यह जानकारी भी सामने आई है कि मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर वह ड्यूटी पर तैनात था और अपने ससुराल उमेंदीभाठा पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया।

## भाजपा माला पहनाकर मेरा सम्मान करे: अमरजीत



**अंबिकापुर,10 सितंबर।** बिलासपुर में आयोजित 'वोट चोर, गद्दी छोड़' आमसभा में माइक छीनने के वायरल वीडियो पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि बाहर से आए लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति का ज्ञान नहीं होता है. वायरल वीडियो को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने मीडिया से चर्चा में कहा कि जानबूझकर कोई ऐसा नहीं करता है. छत्तीसगढ़ में जो मेहमान आता है, उसका सम्मान करते हैं. छोटी-मोटी बातें दरकिनार की जाती है. वहीं भाजपा पर मुद्दे को उछालते के लिए कटाछ करते हुए कहा कि अगर भाजपा इसे सचमुच में मेरा अपमान मानती है, तो माला पहनाकर मेरा सम्मान करे.

### सीएम ने कहा हार की बौखलाहट

रायपुर,10 सितंबर। अमरजीत भगत से माइक छीनने की घटना के बाद सियासत शुरू हो गई है. वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने इसे हार की बौखलाहट बताया है. साय ने कहा कि कांग्रेस उल-जुलूल हरकत कर रही है, कांग्रेस हार से बौखलाई हुई है. वहीं इस मामले में बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. भाजपा ने वीडियो शेयर कर लिखा की कांग्रेसियों की आदत है, अपनी नाव को खुद ही छेद कर देना. अपनी लुटिया खुद डूबा देना. लोकतंत्र पर हमला करने की तैयारी में जुटे थे अमरजीत भगत, लेकिन मंच पर आते ही सचिन पायलट ने ऐसा लैंडिंग किया कि भगत जी की बोलती बंद करा दी गई.



## डीजे और साउंड बॉक्स के तेज शोर पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,10 सितंबर।** हाईकोर्ट कोर्ट ने बलरामपुर जिले की उस घटना को भी गंभीरता से लिया, जिसमें गणेश विसर्जन के दौरान डीजे की तेज आवाज में नाचते समय 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई थी. कोर्ट ने सरकार से पूछा कि रोक के बावजूद डीजे इतने शोर के साथ कैसे बज रहे थे. हाई कोर्ट ने डीजे और साउंड बाक्स से होने वाली शोरगुल की समस्या पर दायर जनहित याचिका को लेकर सख्ती दिखाई है. राज्य शासन ने कोर्ट को बताया कि ठोस कार्रवाई के लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 में संशोधन जरूरी है, और इस दिशा में पहल की जा रही है. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बलरामपुर जिले की उस घटना को भी गंभीरता से लिया, जिसमें गणेश विसर्जन के दौरान डीजे की तेज आवाज में नाचते समय 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई थी. कोर्ट ने सरकार से पूछा कि रोक के बावजूद डीजे इतने शोर के साथ कैसे बज रहे थे और अब तक इसमें किसकी जिम्मेदारी तय की गई है. अदालत ने शासन से विस्तृत जवाब मांगा है सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने बलरामपुर जिले की उस घटना को गंभीरता से लिया, जिसमें गणेश विसर्जन के दौरान डीजे पर नाचते समय 15 वर्षीय प्रवीण गुप्ता की मौत हो गई थी. तेज आवाज में डांस करते समय अचानक उसे सांस लेने में तकलीफ हुई और वह गिर पड़ा. अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. कोर्ट ने पूछा कि रोक के बावजूद इतनी तेज आवाज में डीजे कैसे बज रहा था और अब तक इसमें किसकी जिम्मेदारी तय की गई है. बहस के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बलरामपुर जिले में डीजे पर कोई रोक नहीं लगाई गई थी, इसलिए वहां तेज आवाज में डीजे बजते रहे. कोर्ट ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और शासन से पूछा कि आखिर आम लोगों की जान को खतरे में डालने वाली इस स्थिति को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं.

## अंतिम संस्कार से ठीक पहले जिंदा लौटा युवक

**मौजूद लोग युवक को देखकर रह गये सन्न, कुछ लोग भूत-भूत चिल्लाते हुए इधर-उधर भागने लगे**

**कोरबा,10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा से हैरान कर देने वाला अजीबो-गरीब मामला सामने आया है. नदी में युवक की लाश मिलने के बाद शिनाख्ती प्रक्रिया कर परिजनों को शव सौंप दिया गया. घर में युवक की मौत से मातम पसरा हुआ था. रिश्तेदारों को सूचना भी दे दी गई थी. तभी अचानक दरवाजे पर वही शख्स खड़ा हो गया, जिसे सभी ने मृत मान लिया था. मौजूद कुछ लोग उसे देखकर भूत-भूत चिल्लाते हुए इधर-उधर भागने लगे. लेकिन धीरे-धीरे यकीन हुआ कि वह असल में जिंदा है. अब सवाल है कि जिस युवक का शव घर में है, वह किसका है. जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला कोरबा जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती, विश्रामपुर का है. दरअसल हरीओम वैष्णव ( करीब 27 वर्ष) 4 दिन पूर्व अपने ससुराल दर्री परिवार सहित आया हुआ था. लेकिन वह ससुराल से निकला तो वापस घर नहीं लौटा. परिजनों और रिश्तेदारों ने उसे ढूंढने की काफी कोशिश की, लेकिन हरिओम वैष्णव का कही कुछ पता नहीं चला. इसके बाद परीजनों ने संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. मामला में पुलिस लगातार लापता युवक की तलाश में जुटी हुई थी. तलाशी के दौरान डंगनिया नदी में एक युवक का शव. इस दौरान पुलिस ने लापता हरिओम वैष्णव के परिजनों को सूचना के लिए बुलाया। पानी में डूबे रहने के कारण लाश की पहचान कर पाना मुश्किल हो गया था. परिजनों ने कद-कांठी, रंग-रूप, जिंस और हाथ पर वाले अक्षर वाले टैटू के आधार पर परिजनों ने शव को हरिओम को मान लिया. इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर परजिनों को शव सौंप दिया. घर पर मातम पसर चुका था.



घर में अंतिम संस्कार की तैयारी चल रहा था. इसी बीच हरिओम वैष्णव जिंदा वापस घर लौट गया. लोगों को विश्वास नहीं हो रहा था कि युवक जिंदा है. कई लोग तो भूत-भूत चिल्लाकर इधर-उधर भागने लगे. हालांकि धीरे-धीरे उन्हें यकीन हो गया. कुसमुंडा पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से शव को संबंधित थाना बांकीमोंगरा पुलिस को सौंपा गया. फिलहाल शव को मर्चुरी में रखा गया है.

## बीएसएफ जवान बने राहगीरों के मददगार

कांकेर,10 सितंबर। पंखाजूर क्षेत्र के अति संवेदनशील इलाके ग्राम कटगांव और कटगांव पुल के बीच मंगलवार की शाम दो मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई. इस हादसे में तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल सूरज लाल, महेश कुमार और पवन कुलदीप सड़क पर तड़पते हुए मदद की आस में थे. इस दौरान सूचना पर 47वीं बटालियन बीएसएफ कटगांव कैंप के जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. जानकारी के मुताबिक, ग्राम कटगांव और कटगांव पुल के बीच करीब सवा 7 बजे दो मोटरसाइकिल आपस में भीड़ गई. दुर्घटना की जानकारी मिलते ही कमांडेंट विजेंद्र नाथ गंगोली के दिशा-निर्देश पर जवान मौके पर पहुंचे. जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को प्राथमिक उपचार दिया. इसके बाद बीएसएफ की एम्बुलेंस से सभी को सिविल अस्पताल पंखाजूर पहुंचाया गया. गौरतलब है कि नक्सल प्रभावित कोयलीबेड़ा–परतापुर मार्ग पर तैनात 47वीं बटालियन के जवान लगातार ड्यूटी के साथ-साथ राहगीरों और ग्रामीणों की मदद करते रहते हैं. इससे आम जनता का भरोसा बीएसएफ पर लगातार मजबूत होता जा रहा है.



## 13 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पटवारी गिरफ्तार

**बलरामपुर,10 सितंबर।** जिले के वाड्रफनगर तहसील में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने पण्डरी गांव में पदस्थ पटवारी मोहन सिंह को 13 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। यह रिश्वत एक किसान से जमीन बंटवारे के नाम पर ली जा रही थी। जानकारी के मुताबिक, वाड्रफनगर के एक किसान ने अपनी पैतृक जमीन के बंटवारे के लिए पटवारी कार्यालय में आवेदन दिया था। किसान का आरोप है कि पटवारी लंबे समय से काम को टालता रहा और बार-बार पैसों की मांग करता रहा। आखिरकार उसने बंटवारे के बदले 13 हजार रुपये रिश्वत तय कर दी। जब किसान ने देने से इंकार किया तो पटवारी ने काम करने से भी साफ मना कर दिया। लगातार दबाव और परेशानियों से तंग आकर किसान ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी ने योजना बनाकर जाल बिछाया और पटवारी को पैसे लेते ही धर दबोचा। मौके से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि एसीबी की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि राजस्व विभाग में अक्सर कर्मचारियों की मनमानी और भ्रष्टाचार से आम लोग परेशान रहते हैं। एसीबी की त्वरित कार्रवाई से लोगों में यह विश्वास बढ़ा है कि अब भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है।



# आईआईटी में आईआईएम छात्र अध्याय की शुरुआत, सुरक्षा कार्यशाला ने बढ़ाया ज्ञान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 सितम्बर।** आईआईटी भिलाई एवं भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम), भिलाई चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आईआईटी भिलाई परिसर में आईआईएम छात्र सहयोगी अध्याय का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर औद्योगिक सुरक्षा अभियांत्रिकी विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एवं मानद अध्यक्ष, आईआईएम-भिलाई चैप्टर राकेश कुमार रहे। अध्यक्षता आईआईटी के निदेशक राजीव प्रकाश ने की। विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी.के. बेहरा शामिल हुए। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आईआईटी भिलाई और आईआईएम-भिलाई चैप्टर का यह जुड़ाव छात्रों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। उन्होंने छात्र अध्याय को विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के लिए प्रेरणादायक मंच बताया। शुभारंभ के बाद आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने औद्योगिक सुरक्षा पर तकनीकी सत्र लिए। इनमें उप महाप्रबंधक अनुराग पाठक ने कारखाना अधिनियम 1948 पर प्रकाश डाला, सहायक प्रबंधक सुरज कुमार ने पीपीई प्रबंधन विषय पर चर्चा की, जबकि सुमित कुमार ने इंजीनियरिंग उद्योग में सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। सीएफएस के फायर ऑफिसर विशेष राठी एवं उनकी टीम ने अग्नि सुरक्षा पर प्रशिक्षण व हैंड्स-ऑन डेमो दिया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक एवं मानद सचिव, आईआईएम-भिलाई चैप्टर के.वी. शंकर, पूर्व महाप्रबंधक एवं मानद कोषाध्यक्ष एस.एस.आर.सी. मूर्ति, उप महाप्रबंधक एवं मानद संयुक्त सचिव उदय भानु तिवारी, महाप्रबंधक एवं डीएसओ सुश्री पुष्पा एम्ब्रोज तथा प्रबंधक सुश्री मनीषा नंदी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की पहल के.वी. शंकर द्वारा की गई थी। वहीं आईआईटी भिलाई की ओर से सहयोगी प्राध्यापक प्रो. सौम्य गंगोपाध्याय ने समन्वय की जिम्मेदारी निभाई।

## समाचार संक्षेप

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा छिड़काव अभियान जारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु दवा छिड़काव और सर्वे लगातार जारी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर स्वास्थ्य अमला वार्डों में जाकर डोर-टू-डोर जांच कर रहा है। वार्ड क्रमांक 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी क्षेत्र के बजरंग चौक, सड़क 21 संगीता किराना स्टोर और आमोद भवन के आसपास स्वास्थ्य दल ने कुलर, शौचालय, बाथरूम, नालियां, कंटेनर और पानी की टंकियों की जांच की। जहाँ भी बरसात का पानी जमा मिला, उसे तत्काल खाली कराया गया। डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए जिला मच्छर उन्मूलन टीम द्वारा मैलाथियान, टेमीफोस और जला ऑयल का छिड़काव किया गया। निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह के नेतृत्व में नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई। लोगों को समझाइश दी गई कि बुखार या अन्य लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह लें। साथ ही उबला हुआ पानी पीने, गर्म भोजन करने और बाहर के खाद्य पदार्थ से बचने की अपील की गई। निगम द्वारा 1 अप्रैल से अब तक 9,650 घरों का सर्वे, 33,104 कूलर, टंकी और कंटेनरों की जांच तथा 4,959 को खाली कराया जा चुका है।

## एक नजर

### चाकलेट का लालच देकर मासूम से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मासूम बच्ची को चाकलेट का लालच लेकर अपने साथ एक विवाहित अपने साथ ले जाकर अनाचार करने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को चाकलेट के नाम लेकर गया था, परिवार वाले खोजते रहे गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा पाक्सों, 65 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि 5 सितंबर को अपने घर के पास 6 साल की मासूम बच्चीं खेल रही थी इस दौरान विवाहित ने अपने साथ चाकलेट खिलाने का झांसा दिखाकर उसे अपने साथ लेकर गया। इधर परिजन मासूम की खोजबीन में लगे रहे। देर तक नहीं मिलने पर परेशान परिजन शिकायत करने पुलिस थाने पहुंचे थे पुलिस को खबर लगने पर खोजबीन तेज कर दी गई लेकिन घटना की देर रात 8 बजे मासूम को अपने साथ आरोपी की पत्नी उसे लेकर परिजनों के यहां पहुंच गई आरोपी की पत्नी परिजनों को खेलते बच्चों को मिलना बताकर वापस अपने घर लौट गई। परिजनों को संदेह होने पर महिला से पूछताछ करने पर माफकरने की बात कर मामले को यहीं दबाने की हिदायत दिया परिजनों ने तुरंत पुलिस को घटना के बारे में अवगत कराया उसके बाद कोतवाली दुर्ग पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी विवाहित को गिरफ्तार कर उसे भेज दिया है।

### टेबल टेनिस टीम चयन स्पर्धा 11 सितंबर को

**भिलाई, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 25 से 27 सितंबर तक आयोजित होने वाली एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम का गठन किया जाएगा। इसके लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 11 सितम्बर को शाम 6 बजे से भिलाई क्लब स्थित टेबल टेनिस हॉल में होगा। इस स्पर्धा में बीएसपी के कार्मिक खिलाड़ी, उनके परिवारजन एवं भिलाई परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इच्छुक प्रतिभागी उसी दिन चयनकर्ताओं श्री उमेश गिरी गोस्वामी एवं के.के. शुक्ल के पास नाम दर्ज करा सकते हैं। चयन स्पर्धा की जिम्मेदारी उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) अभिजीत भौमिक को सौंपी गई है।

### टाटा लाइन की महिलाओं ने नगर सेवा विभाग को सहयोग का दिया आश्वासन

**भिलाई, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कैंप क्षेत्र के टाटा लाइन इलाके से बड़ी संख्या में महिलाएं मंगलवार को नगर सेवाएं विभाग के परिसर पहुंचीं और गंदे पानी व सीवरेज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक ज्ञापन सौंपा। विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं के त्वरित निराकरण की प्रतिबद्धता जताई और नागरिकों से सही विवरण व सहयोग की अपेक्षा की। महिलाओं ने विभाग को आश्वासन दिया कि अवैध कब्जे, सीवरेज लाइन और गंदे पानी की समस्या के समाधान में वे पूरा सहयोग करेंगी। विभाग ने भी साफकिया कि बिना पता, मकान क्रमांक और मोबाइल नंबर जैसी सही जानकारी उपलब्ध कराए बिना समस्या का निवारण संभव नहीं है। इससे पहले 3 सितम्बर को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बिना विवरण का ज्ञापन दिया था, जिस कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। बताया गया कि बीएसपी द्वारा बनाए गए क्वार्टरों के अलावा खाली स्थानों पर अवैध निर्माण हो जाने से सीवरेज और जलापूर्ति लाइनों पर दबाव बढ़ा है। ऐसे में समस्याओं की वास्तविक पहचान कर समाधान निकालना जरूरी है। इसके साथ ही विद्युत समस्या को दूर करने के लिए हाल ही खराब हुए ट्रांसफार्मर को बदला गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से हुकिंग करने से ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है, जिससे आए दिन बाधाएं उत्पन्न होती हैं। नगर सेवाएं विभाग ने वैध नागरिकों से अपील की है कि वे इस दिशा में सहयोग करें, ताकि नियमित उपभोक्ताओं को परेशानी न झेलनी पड़े।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से संवरेगा नगर पंचायत इंदौरी का स्वरूप

## अधोसंरचना निर्माण के लिए मिली डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**कवर्धा, 10 सितम्बर।** पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा की सक्रियता एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण अंचलों और नगरों में अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। सोमवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सड़क, हाईमास्क लाइट, रंगमंच निर्माण, नाली निर्माण जैसे विभिन्न अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति अधोसंरचना मद के अंतर्गत मिली है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त कर नगरवासियों को विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई दी है।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी है। जनता को मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ मिले, उनका जीवन स्तर बेहतर हो, हमारे ग्रामीण क्षेत्र और नगर विकसित बनें एवं क्षेत्र की आर्थिक प्रगति हो इसी लक्ष्य और उद्देश्य के साथ प्रदेश की डबल इंजन भाजपा सरकार कार्य कर रही है। नगर पंचायत इंदौरी में प्रकाश व्यवस्था, सड़क, नाली, रंगमंच और सौन्दर्यीकरण जैसे विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है इसके पूर्व भी करोड़ों के विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी नगर पंचायत इंदौरी को मिली है जिससे क्षेत्र में जनसुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित हुआ है। हाल ही में इंदौरी में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु 2 करोड़ वहीं शिक्षा,स्वास्थ्य,सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं एवं विभिन्न अधोसंरचना निर्माण और विकास कार्यों के लिए अबतक 10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति नगर पंचायत इंदौरी के विकास को नई गति दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

कुल 19 विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण हेतु मिली स्वीकृति

नगर पंचायत इंदौरी में कुल 19 विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति मिली है। जिसके तहत गांधी चौरा पुराना बाजार चौक रंग मंच निर्माण, वार्ड क्रं. 12 में मेन रोड से अटल परिसर वार्ड तक स्ट्रीट लाईट, मेन रोड चौक के पास मोर इंदौरी चौक निर्माण, वार्ड क्रं. 10 में मेन रोड से नहर पारा एवं रत्न साहू के घर तक स्ट्रीट लाईट, वार्ड क्रं. 02 में लाला चन्द्रवंशी के मकान से नहर पारा तक झलमला रोड स्ट्रीट लाईट, वार्ड क्रं. 07 में पुराना बाजार चौक से नगर पंचायत से मानिकचौरी रोड तक स्ट्रीट लाईट, अटल परिसर से मुख्य चौक तक स्ट्रीट लाईट, मेन रोड से नहर पार होते हुए रत्न राहू के घर तक स्ट्रीट लाईट, वार्ड क्रं. 13 मंगीलाल के घर से कुंआ तक एवं छोटे रगरा के पास नाली निर्माण, संतोष डहरिया से भुनी गोंड एवं मेन बस स्टैण्ड से कोसमंदा पुल तक हाफ राउण्ड नाली निर्माण, शासकीय बोर से कुमार टेलर के घर तक हाफ राउण्ड नाली निर्माण, छोटे रगरा से गुरु घासीदास मंदिर से शिवकुमार धृतलहरे के घर तक हाफ राउण्ड नाली निर्माण, वार्ड क्रं. 02 में नहर चौक के पास हाईमास्क लाईट, वार्ड क्रं. 12 में पुराना सोसायटी चौक के पास हाई मास्क लाईट, वार्ड क्रं. 11 में इंदिरा आवास के पास हाईमास्क लाईट, वार्ड क 09 जिनेन्द्र गुरूजी के घर के पास हाईमास्क लाईट, गुरुघासीदास मंदिर के पास हाईमास्क लाईट, अटल परिसर के पास हाईमास्क लाईट, छोटे रगरा में गुरूघासी दास मंदिर से शिवकुमार धृतलहरे के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य शामिल हैं।

### सेंट्रल एवेन्यू रोड ग्रे स्पॉट जोन घोषित वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** टाउनशिप एरिया के सेंट्रल एवेन्यू रोड को ग्रे स्पॉट जोन घोषित कर इस रोड में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए यातायात पुलिस की विशेष कार्रवाई आरंभ कर दी है अब बिना हेलमेट निकले तो सीधे चालान कटेगा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा ने बताया कि मंगलवार से भिलाई की सेंट्रल एवेन्यू रोड (मुर्गा चौक से सेक्टर 9 चौक तक) पर यात्रा के दौरान हेलमेट पहनना सभी दोपहिया वाहन चालकों एवं सवारियों के लिए अनिवार्य किया गया है। यह सम्पूर्ण मार्ग ग्रे स्पॉट क्षेत्र में चिन्हित है, जहां लगातार सड़क दुर्घटनाएं, रैश ड्राइविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण, प्रेशर हॉर्न का दुरुपयोग एवं तीन सवारी के गंभीर मामले सामने आ रहे थे। इसके साथ ही जिले भर में कलेक्टर दुर्ग के आदेशानुसार नो हेलमेट नो पेट्रोल नीति लागू की गई है। इससे हेलमेट उपयोगिता को बढ़ावा मिले एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में वाहनों की संख्या प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना और अधिक बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है तथा रेल चौक सेक्टर-6, मुर्गा चौक सेक्टर-1, डीपीएस चौक एवं सेक्टर-8 चौक पर विशेष हेलमेट चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है।

# बिजली बिल में राहत और हरित ऊर्जा के लिए सूर्य रथ अभियान का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में सूर्य रथ की शुरुआत हुई। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्युत नगर स्थित अपने निवास से सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 9 से 16 सितम्बर तक जिले के विभिन्न जोनों में पहुंचकर नागरिकों को योजना की जानकारी देगा और सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि योजना उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत देने के साथ ही आत्मनिर्भर ऊर्जा उत्पादन की दिशा में बड़ा कदम है। रथ सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक घूमेगा और विद्युत विभाग के कर्मचारी लोगों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया समझाएंगे तथा जरूरत पड़ने पर सहयोग करेंगे। इस अवसर पर सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, अधीक्षण अभियंता जे. जगन्नाथ प्रसाद एवं आर.के. मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आर.के. दानी, एस.के. महादुले, सहायक अभियंता डीलेन्द्र देशमुख, महेन्द्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2027 तक देशभर में 1 करोड़ रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ में इस अवधि में 6 लाख घरों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने का लक्ष्य है। राज्य सरकार उपभोक्ताओं को 3 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपए की सब्सिडी प्रदान कर रही है। योजना से न केवल बिजली बिल कम होंगे बल्कि हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा।

# जन्मदिन की पार्टी के दौरान हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


मृतक रोशन ठाकुर

**भिलाई, 10 सितम्बर।** नेवई थाना अंतर्गत बीती रात जन्मदिन पार्टी के दौरान दोस्तों के बीच हुए मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया बर्थडे ब्वाय समेत 5 युवकों ने ईंट-पत्थर से अपने ही दोस्त का सिर कुचलकर हत्या कर दी।

नेवई पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं एक अन्य फरार की तलाश कर रही है नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि शिवपारा स्टेशन मरोदा निवासी प्रेमु ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीती रात करीब 10 उसका बेटा रोशन कुमार ठाकुर (20 साल) अपने 17 वर्षीय मित्र की बर्थडे पार्टी में जाने की बोलकर घर से निकला। देर रात घर वापस नहीं आने पर उसके पिता उसे खोजते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मरोदा के ग्राउंड तक पहुंचे, जहां प्रेम ठाकुर को रोशन खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला। पास जाकर देखा तो उसकी सांस नहीं चल रही थी। सिर पर भारी वस्तु से हमला करने की वजह से उसकी मौत हो चुकी थी इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने देर रात नाबालिग समेत धनुष सेट्टी उर्फ धन्नू (30 साल), अभिषेक पासवान (25 साल) और आकाश कुमार पासवान (20 साल) को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नकुल का जन्मदिन मनाने मरोदा स्टेशन कॉलोनी स्थित सरकारी स्कूल के ग्राउंड में पहुंचे, जहां सेलिब्रेशन के दौरान दोस्तों को बर्थडे किक मारने पर रोशन का आकाश नाम के युवक से विवाद हो गया। दोनों के तकरार इतनी बढ़ी तो नौबत हाथपाई तक पहुंच गई। इस बीच आकाश का साथ देने उसके नाबालिग दोस्त खड़े हो गए पांच लोगों ने मिलकर रोशन को पकड़ लिया रोशन को जमीन पर गिराकर उस पर पत्थर और ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

### मंदिर में चोरी करने वाले गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** मंदिर में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक जेल तिराहा देवांगन होटल के पास चोरी करने की बात कर रहे थे सूचना पर पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची जिसमें कादम्बरी नगर थाना मोहन नगर निवासी आदर्श द्विवेदी और पवन साहू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दो मंदिर राधा कृष्ण हनुमान मंदिर कसारीडीह में 3500 रूपये और बोरसी हाट बाजार स्थित शनिदेव मंदिर से दान पेटी मे 3 हजार रूपये, राम जानकी मंदिर कोहका चौक की दान पेटी से 10 हजार, तीन दर्शन मंदिर कोहका चौक के दान पेटी से 6 हजार रुपए, हनुमान मंदिर कोहका चौक चिल्हर पैसे, शिव मंदिर भेलवा चौक नेहरू नगर से चिल्हर चोरी करना स्वीकार किया। घटना में उपयोग किए गए बाइक व लोहे के राड को भी जब्त किया है।

## संगीत के प्रति लगन और सीखने की इच्छा को देखकर

# समाजसेवी इंद्रजीत दिलाएंगे दृष्टिबाधित अभय को संगीत की शिक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 सितम्बर।** गणेश पूजा के अवसर पर सेवा और संवेदना का एक प्रेरक उदाहरण सामने आया है। न्यू दीन दयाल कॉलोनी, खमरिया निवासी दृष्टिबाधित बालक अभय साकरे, जो जन्म से ही दृष्टिहीन हैं, लेकिन संगीत के प्रति उनकी लगन और आत्मीयता ने हर किसी को प्रभावित किया है। उनकी आवाज़ में भरी आत्मा की गहराई और सीखने की अटूट जिज्ञासा को देखकर समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने उन्हें सहयोग देने का संकल्प लिया। इंद्रजीत स्वयं अभय के घर पहुँचे, उनके साथ समय बिताया और उनकी गायकी को सुना। बालक अभय के समर्पण और संगीत साधना को देखकर उन्होंने तुरंत निर्णय लिया कि अभय को वत्सल म्यूजिक क्लासेज में प्रवेश दिलाया जाएगा। इस एक वर्ष की संपूर्ण संगीत शिक्षा की फीस का भार वे स्वयं वहन करेंगे। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि अभय जैसे बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास समाज के लिए प्रेरणा हैं। हमें ऐसे बच्चों को अवसर देना चाहिए ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचान कर अपने सपनों को साकार कर सकें। दृष्टि बाधा केवल शारीरिक सीमा है, लेकिन उनका मनोबल और प्रतिभा असीमित है। अभय की माँ ने इस सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि उनके बेटे को बचपन से ही संगीत का शौक रहा है। दृष्टिबाधा के बावजूद वह घंटों बैठकर स्वर और लय का अभ्यास करता है। अब नियमित प्रशिक्षण से उसके सपनों को पंख मिलेंगे। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया और कहा कि समाज के अन्य सक्षम लोग भी आगे आएं तो कई अभय जैसे बच्चों का जीवन बदल सकता है। इस तरह की पहल न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ाती है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना भी मजबूत करती है।

# मिशन लक्ष्मी स्वास्थ्य शिविर में 95 महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 सितम्बर।** जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में महिला संविदा कर्मचारियों के लिए एकदिवसीय मिशन लक्ष्मी स्त्री रोग स्वास्थ्य शिविर एवं नई चेतना महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस पहल का संयुक्त आयोजन सीएसआर विभाग, औद्योगिक संबंध विभाग तथा मानव संसाधन विभाग के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथियों में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। शिविर में कुल 95 महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 95 रक्त के नमूने, 35 पैप स्मीयर टेस्ट, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड शुगर जांच की गई। साथ ही आयोजित क्विज प्रतियोगिता में 25 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में पवन कुमार ने महिलाओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और निवारक देखभाल पर ध्यान देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि जागरूकता और समय पर परामर्श ही स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन का आधार है। साथ ही उन्होंने महिलाओं से अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री लता मिश्रा ने किया। स्वागत भाषण जेएन ठाकुर एवं सुश्री शशि सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अपर्णा चंद्रा ने किया। शिविर को सफल बनाने में बुधेलाल, सुश्री गुंजन, सुश्री अनुकृति एवं श्रीमती सपना का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## एक नजर

### राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच में मिला रामकिशोर साहू को स्थान

**तिल्दा नेवरा, 10 सितंबर।** रामकिशोर साहू को प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ के पद से नवाजा गया।



पुलिस विभाग में हेड कास्टेबल के पद से रिटायर्ड होते ही भारत माता के सेवा में तैयार साहू को राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच में महत्वपूर्ण स्थान। तिल्दा नेवरा थाना से हेड कास्टेबल के पद से रिटायर्ड होते ही तहसील अध्यक्ष मोहन साहू , रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी उर्फ उमा देवी साहू के अनुशंशा से दास जी साहू प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ प्रदेश, मध्यप्रदेश, उतर प्रदेश के सहप्रभारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश दास के आदेश पर भारत माता के सेवा करने , भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी के विचारों एवं कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के उनके दृढ़ इच्छा को देखते हुये राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच में प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण पद देकर सम्मानित किया गया। उनके नियुक्ति पत्र दास जी साहू प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ ने संगठन में स्वागत करते हुये रामकिशोर साहू का उज्ज्वल भविष्य का कामना कि हैं।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची जारी

**दंतेवाड़ा, 10 सितंबर।** कार्यालय आदिवासी विकास शाखा से जारी विज्ञप्ति जानकारी अनुसार अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका हेतु प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। इस संबंध में चतुर्थ प्रतीक्षा सूची में दर्षित विद्यार्थी द्वारा काउंसिलिंग तिथि 12 सितंबर प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग व्ही.आई.पी सीटी कॉलोनी रायपुर में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते है।

### थाना एवं चौकी प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 10 सितंबर।** आज दिनांक 09.09.2025 को प्रातः 11:00 से पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों थाना एवं चौकी प्रभारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल में शत प्रतिशत एंट्री करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीसीटीएनएस परियोजना अंतर्गत मेडलीपार, Cri-MAC, e-summons में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्तमान समय में किसी आहत, प्रार्थी का डॉक्टरी मुलाहिजा, समंस तामील आदि पुलिस संबंधी समस्त कार्य सीसीटीएनएस योजना अंतर्गत विभिन्न पोर्टलों के माध्यम से संचालित होना है, जिसके लिए जिले के समस्त प्रभारीगणों का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों थाना एवं चौकी प्रभारियों के लिए एक दिवसीय सीसीटीएनएस योजना अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल मेडलीपार, Cri-MAC, e-summons में शत प्रतिशत एंट्री करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### 222 पदों के लिए रोजगार मेला का होगा आयोजन

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 28 नियोजकों द्वारा अपनी अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों (आईटी सेक्टर हॉस्पिटल, बीमा, फॉयर सेफ्टी सिक्योरिटी सेक्टर, फुड्स प्रोसेसिंग, इंडस्ट्रीज सेक्टर सेल्स, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर, मुंशी, मैनेजर, सुपरवाइजर, एकाउंटेंट मिल आपरेटर लेवर एवं अन्य पद पर कार्य करने हेतु 1236 पद एवं अप्रेंटिसशिप के लिये 3 नियोजको द्वारा 222 पदों पर भर्ती हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।वेतन 7 हजार से लेकर 35 हजार रूपए तक देय होगा।अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित होकर या दूरभाष नम्बर 0772729943 पर संपर्क कर सकते है।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 12-13 को

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों का काउंसलिंग 12 एवं 13 सितम्बर 2025 को प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग, व्ही.आई.पी. सिटी कालोनी के सामने रायपुर में होगा। सर्व प्रथम नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला बलरामपुर के रिक्त सीट की पूर्ति पश्चात ही राजनांदगांव एवं बिलासपुर जिले के रिक्त सीट भरे जायेंगे।

# रैम्प योजना के तहत वैकल्पिक वित्तपोषण पर कार्यशाला आयोजित

## पूंजी बाजार से जुड़ाव, वैकल्पिक वित्त की समझ और आर्थिक सशक्तिकरण की मिली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पारंपरिक बैंकिंग विकल्पों के अतिरिक्त वैकल्पिक वित्तीय स्रोतों की जानकारी देने एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से भाटापारा में वैकल्पिक वित्तपोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय एवं विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित रैम्प (रेशिंग एण्ड ऐसेलरेटिंग एमएसएमई परफोमेंश) योजना के अंतर्गत आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मनीष अरोरा ने रैम्प योजना का परिचय देते हुए बताया कि यह योजना एमएसएमई को वित्तीय, बाज़ार एवं संस्थागत सशक्तिकरण के माध्यम से प्रतिस्पर्धी व सतत् विकास की दिशा में बढ़ाने हेतु क्रियान्वित की जा रही है।

सुश्री श्रीया डे एवं उनके अन्य सहयोगियों ने क्रेडिट ऑनलाईन के बारे में बायर-सेलर के पंजीयन, वर्किंग कैपिटल, बिल डिस्काउंटिंग की प्रक्रिया और समयबद्ध भुगतान की सुविधा पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि टीआईडीएस प्लेटफॉर्म एमएसएमई को विलंबित भुगतानों से राहत दिलाने और नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के उर्मिलेश ने एनएसई इमरेज प्लेटफॉर्म पर सूचीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं इससे एमएसएमईएस को होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने विषय की उपयोगिता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आग्रह किया कि ऐसी व्यावहारिक जानकारियों से युक्त कार्यशालाओं का आयोजन भविष्य में भी किया जाए। यह कार्यशाला एमएसएमई इकाइयों के लिए पूंजी बाजार से जुड़ाव, वैकल्पिक वित्त की समझ और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कार्यशाला में महाप्रबंधक गुणेश्वरी साहू, कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स सुरेश भंसाली, दाल मिल एसोसियेशन के अध्यक्ष नरेश आर्य, अनिल रोचलानी सहित जिले के 30 से अधिक एमएसएमई उद्यमियों, सीए और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### शहीद हेमू कालाणी की भाभी कमला कालाणी को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन



**रायपुर, 10 सितंबर ।** अमर शहीद हेमू कालाणी की भाभी श्रीमती कमला टेकचंद कालाणी का गत रविवार को चेम्बूर (मुम्बई) स्थित उनके निवास पर 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने पिछले 2 सितम्बर को ही रायपुर निवासी सिंधी समाज के प्रखर संत, देश के शंकराचार्यों के नेतृत्व में गठित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री साईं जलकुमार मसन्द साहिब द्वारा बोरीवली मुम्बई में जगतगुरू शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज के साथ मुम्बई निवासी विख्यात सिंधी संतों एवं सामाजिक नेताओं की आयोजित बैठक में भाग लिया था। साईं मसन्द साहिब की पहल पर पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा तेलीबांधा स्थित अपने कार्यालय में स्व. कमला कालाणी के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत बाबा मुरलीधर उदासी, पंचायत के अध्यक्ष महेश दर्याणी, कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहड़ा, महासचिव बलराम आहूजा, सहसचिव अमर चंदनाणी, सह कोषाध्यक्ष तनेश आहूजा, वरिष्ठ सलाहकार प्रहलाद शादीजा, प्रचार सचिव गौरव मध्याणी, युवा समिति के अध्यक्ष विकास रूपरेला, भरतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लद्धाराम नैनवाणी, महासचिव मुरलीधर शादीजा, मनोहर लाल ठकराणी, विनोद संतवाणी आदि ने स्व. कमला कालाणी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

#### सामाजिक बुराई दूर करने के लिए लखना पंचायत की अनूठी पहल

## अवैध शराब,गांजा,ताश,खुला डिस्पोजल बेचना बंद,गली में शराब पीने पर दंड




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 10 सितंबर।** तिल्दा नेवरा क्षेत्र में गावों की पहचान अब अवैध गांजा, शराब बिक्री के नाम पर भी होने लगी है। नशे का अवैध कारोबार शहर से लेकर नेशनल हाइवे तक चल रहा है। शहरी क्षेत्र में तो खुलेआम घर व वार्डों में शराब, गांजा बेचा जा रहा है।इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए ग्राम पंचायत लखना के सरपंच श्रीमती श्यामा देवी साहू ,उपसरपंच बलदाऊ साहू। समस्त पंचगण और ग्रामीणों ने अनूठा पहल किया है उनके द्वारा गांव में रैली निकाल कर अवैध शराब विक्रय ,गांजा ,ताश , खुला डिस्पोजल बेचना बंद करने का आह्वान किया है साथ साथ ,गली मोहल्लो में शराब पीने पर दंड अथवा शराब पीकर हुल्लड़ करने वालो पर भी कार्यवाही किया जायेगा। सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए ग्राम पंचायत लखना के इस प्रयास की सर्वत्र प्रसंसा की जा रही है और भी अन्य ग्राम पंचायतो में इस तरह के प्रयास करने की बात कही जा रही है।

# डीआरएम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समक्ष भाटापारा के रेलवे स्टेशन की प्रमुख मांगें रखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 10 सितंबर।** दयानंद ,डीआरएम, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से स्टेशन कंसंट्रेट समिति भाटापारा के द्वारा स्टेशन के संबंध मे प्रमुख मांगे रखी गई अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि बैठक में स्टेशन कंसंट्रेट समिति के प्रमुख मुकेश थरानी, रविंद्र जैन, सुरेश भानुशाली, अमरजीत सिंह सलूजा, डी आर यू सी सी सदस्य राजेश शर्मा उपस्थित थे ।सदस्यों ने लिखित रूप से एक मांग पत्र अधिकारियों को सौंपा इसमें प्रमुख मांगे निम्न थी ।



अमृत भारत योजना के तहत भाटापारा स्टेशन में रुका हुआ निर्माण कार्य पुनः चालू किया जाये। स्टेशन के सामने की सड़क जो लगभग दो वर्षों से बंद है उसे चालू की जाए । भाटापारा में जो नया निर्मित अंडर ब्रिज बना है वह बारिश के समय मे ऊपर से पानी तेज गति से आता है जिससे अंदर ब्रिज को क्षति पहुचने कि आशंका है । अंडर बीच में पर्याप्त फ्लाइट की व्यवस्था नहीं है उसकी व्यवस्था की जाए, कलर पेंट कराया जाये । स्टेशन के सामने जो ऑटो वालों ने पार्किंग स्थल बना दिया है , उसे व्यवस्थित किया जाये। साइकिल स्टैंड के द्वारा स्टेशन के सामने गाड़ी खड़ा करने पर उन्हें लॉक कर दिया जाता है, जबकि जबकि साइकिल स्टैंड संचालक को वहां पर एक दो गार्ड ड्रेस मे रखना चाहिए और उससे यह बताना चाहिए कि आप अपनी गाड़ी स्टैंड में रखें जिससे उन्हें असुविधा का सामना ना करना पड़े । अमरजीत सलूजा ने मातादेवालय वार्ड बजरंग वार्ड के लिए लिफ्ट की रखी जिसे डीआरएम साहब ने तत्काल प्रभाव से चालू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। स्टेशन उपभोक्ता सलाहकार समिति भाटापारा ने जोन की प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज भाटापारा में दिये जाने की मांग रखी जिसमे वंदे भारत (बिलासपुर नागपुर) 20825/ 20826, बिलासपुर हापा 22939 /22940, बिलासपुर चेन्नई 12851/ 12852, सिकंदराबाद से रायपुर तक चलने वाली 3 दिवसीय 12771/12772 एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाया जये । दुर्ग हटिया के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन 08185/08186 को नियमित ट्रेन के रूप में चलाए। हावड़ा नांदेड़ 12767/12768 का स्टॉपेज भाटापारा किया जाए। स्टेशन उपभोक्ता सलाहकार समिति भाटापारा के सभी सदस्य स्टेशन में दयानंद ,डीआरएम, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे , भाटापारा स्टेशन मास्टर अजय कुमार से मुलाकात करने के लिए प्रमुख रूप से उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से अमरजीत सलूजा मुकेश थारानी, सुरेश भानुशाली, रविंद्र जैन, वह साथ ही राजेश शर्मा , लक्ष्मी नारायण सोनी, बलवंत सिंह सलूजा, सरदार चावला,सरदार राजा गुम्बर, उपस्थित थे । उन्होंने आश्वासन दिया कि वह समस्त मांगो प्रेषित करेंगे ।

# जपं तिल्दा में 15वें वित्त की राशि के मनमाने आंबटन का विरोध

## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 10 सितंबर।** भारत सरकार द्वारा पंचायतों के विकास हेतु 15वें वित्त आयोग (जनपद स्तर) वर्ष 2025-26 की राशि को लेकर जनपद पंचायत तिल्दा-नेवरा में बड़ा बवाल खड़ा हो गया है। जनपद सदस्यों का आरोप है की जनपद अध्यक्ष और जनपद सीईओ मनमाने ढंग से कुछ क्षेत्रों में विभाजित कर है इस मुद्दे पर 08 सितंबर 2025 से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की शुरुआत की गई है। सदस्यों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने कई बार लिखित आवेदन कलेक्टर , राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा , जिला रायपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर को सौंपा, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

**सदस्यों ने दी चेतावनी**

जनपद सदस्यों ने स्पष्ट किया है कि यदि इस राशि का सभी क्षेत्रों में समान वितरण नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास की इस राशि को सभी क्षेत्रों में नहीं देना सीधे-सीधे जनहित के खिलाफहै।

चांदनी यदु (क्षेत्र क्र. 1) ने कहा – तिल्दा जनपद पंचायत में इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों के जनपद सदस्य एक साथ सड़क पर उतरे हैं। जब तक राशि सभी क्षेत्रों को आवंटित नहीं होगी, हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

**धरना में शामिल जनपद सदस्य-** चांदनी यदु – क्षेत्र क्रमांक 1, भारती निर्मलकर – क्षेत्र क्रमांक 7, शिवशंकर वर्मा – क्षेत्र क्रमांक 25, ललनी ध्रुव – क्षेत्र क्रमांक 12, कलयनी सिरमौर – क्षेत्र क्रमांक 6, तुकाराम जोगी – क्षेत्र क्रमांक 13, प्रकाश सागरवंशी – क्षेत्र क्रमांक 14, गंगा वर्मा – क्षेत्र क्रमांक 23।

तिल्दा-नेवरा जनपद पंचायत की 1.55 करोड़ की राशि का दुरूपयोग। सदस्यों ने कई बार दिए आवेदन, कार्यवाही नहीं हुई। 08 सितम्बर से शुरू हुआ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्रवाई न होने पर आंदोलन उग्र करने की चेतावनी।

## बंद स्कूलों में फिर से जलेगा ज्ञान का दीप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 सितंबर।** शिक्षा के क्षेत्र में बीजापुर जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत जिले के सभी शिक्षक विहीन स्कूलों में अब नियमित शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। वर्षों से बंद या शिक्षकविहीन रहे 78 स्कूलों में अब फिर से पढ़ाई शुरू हो सकेगी। जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में चिन्हांकित 198 अतिशेष शिक्षकों में से 189 की नई पदस्थापना की गई है। इनमें 104 सहायक शिक्षक, 13 प्रधान अध्यापक (प्राथमिक), 45 शिक्षक, 31 प्रधान अध्यापक (माध्यमिक) और 5 व्याख्याता शामिल हैं। नई पदस्थापना के तहत 82 शिक्षक पूरी तरह शिक्षकविहीन स्कूलों में, 44 शिक्षक एकल शिक्षक वाले स्कूलों में और 63 शिक्षक सामान्य जरूरत वाले स्कूलों में भेजे गए हैं। खास बात यह है कि जिले के 76 ऐसे स्कूल जो लगभग दो दशकों से बंद पड़े थे, उनमें पहली बार नियमित शिक्षक पहुंचे हैं।

इनमें गुंडापुर, मुदवेंडी, हिरमगुंडा, बोटेतोंग, गुंजेपरती, जीड़पल्ली और मुरकीपाड़ जैसे दुर्गम व अतिसंवेदनशील क्षेत्र भी शामिल हैं। इसके अलावा एक उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहां अब तक सभी व्याख्याता पद रिक्त थे, वहां हिंदी और सामाजिक अध्ययन के व्याख्याताओं की नियुक्ति कर दी गई है।

## भोजराज बने भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर, 10 सितंबर।** भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी के पुनर्गठन की बैठक रायपुर के एक निजी होटल में भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी चेयरमैन माननीय श्री चन्द्रबोधि पाटील की अध्यक्षता एवं संस्था के राष्ट्रीय महासचिव शंकर राव ढेंगरे,ट्रस्टी एस. आर. कानडे,ट्रस्टी अलका बोरकर,राष्ट्रीय संघटक संस्कार सी. डी. खोबरागड़े,ट्रस्टी सदस्य सारंग राव हुमने की गरिमामय उपस्थिति में विभिन्न जिलों से आये पदाधिकारीयों,कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्व सम्मति से श्री भोजराज गौरखेड़े को निर्विरोध भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश अध्यक्ष चुना साथ ही संस्था के महासचिव पद पर श्री बेनीराम गायकवाड व कोषाध्यक्ष पद पर श्री नीलकंठ सिंगाड़े का का चयन किया गया। इस अवसर पर करीब 14 जिलों के पदाधिकारी , कार्यकारिणी सदस्यगण बैठक में शामिल हुए जिसमें रायपुर से प्रकाश रामटेके,विजय गजघाटे,बिलासपुर से राजेश हुमने,महेश चंद्रिकापुरे,श्वेता गेडाम,धमतरी से पालनहार मेश्राम,लालाराम वैद्य,ज्ञानीराम रामटेके,वीरेंद्र गजभिये,भिलाई से वर्षा ताई बागड़े,सुदेश रामटेके,दुर्ग से सी के डोंगरे,जितेंद्र मेश्राम,महासमुंद से देवेंद्र मेश्राम,कुणाल रंगारी, रायपुर से रूपलता कानेकर,नलिनी ताई बौद्ध, प्रदेश युवा विंग से योगेश रावत,संदीप डोंगरे, मुकेश डोंगरे,कुणाल गौरे,प्रणय सोनटके, प्रदीप मेश्राम, नितेश बॉमबोर्डे, आदि शामिल हुए।

# कूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 7 मेडल

## राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

**बलौदाबाज़ार, 10 सितंबर।** विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिले के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्ग में आयोजित राज्यस्तरीय कूडो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों ने 7 मेडल्स जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।मेडल विजेता खिलाड़ी आगामी अक्टूबर माह में सूरत(गुजरात) में आयोजित नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के मेडल विजेता खिलाड़ियों ने कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री सोनी ने मेडल विजेता कूडो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



कोच ईशान महंत ने बताया कि जिले की ओर से 8 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए इनमें से 7 खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब रहे ।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्या महंत ने 54 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण, तनिष्क ने 35 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण,अतीक्षा महंत ने 21 किलोग्राम वर्ग में रजत, टिकेश्वर पटेल ने 54 किलोग्राम वर्ग में रजत,दामिनी ने 45 किलोग्राम वर्ग में रजत,राहुल पटेल ने 18 किलोग्राम वर्ग में कांस्य और ईशान महंत ने 68 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।

# आश्रम में न भोजन, न पानी, न अधीक्षक की कोई जिम्मेदारी

## दो साल से मरम्मत को गई क्रेडा की मोटर वापस नहीं आई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 सितंबर।** माता-पिता इस भरोसे से अपने बच्चों को आश्रम भेजते हैं कि अधीक्षक माता-पिता की भूमिका निभाकर उन्हें सुरक्षित माहौल और अच्छी शिक्षा देंगे। लेकिन एक आश्रम ऐसा भी है जिसकी हकीकत इससे उलट है यहां बच्चे भूख, गंदगी और लापरवाही के बीच दम तोड़ते सपनों के साथ जी रहे हैं।

भोपालपटनम ब्लॉक का प्राथमिक बालक आश्रम शाला गोरला, जहां मासूम बच्चों को शिक्षा और देखभाल मिलनी चाहिए थी, आज पूरी तरह अव्यवस्था और लापरवाही नजर आ रही है। मंगलवार सुबह 9 बजे तक आश्रम में न तो चूल्हा जला और न ही बच्चों को नाश्ता या भोजन मिला। छोटे-छोटे बच्चे भूखे पेट इधर-उधर भटकते नजर आए और जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने दबी जुबान से कहा सुबह से कुछ नहीं मिला। क्या अधीक्षक का काम बच्चों की परवरिश करना है या उन्हें उपवास कराना?

अधीक्षक मोहन पनवलकर का आलम यह है कि रात को आश्रम में रुकना गवारा नहीं, जिम्मेदारी अपने परिजनों पर डाल दी है। सुबह-शाम थोड़ी मात्रा में चावल-दाल पहुंचा दी जाती है, मानो बच्चों की भूख कोई मोलभाव की वस्तु हो। सूत्रों के हवाले से यहां भी खबर है कि अधीक्षक के परिजनों द्वारा बच्चों को मारने की बातें भी सामने आई है। इतना ही नहीं, हाल ही में कीड़े लगे चावल पकाने को दिए जाने का मामला भी सामने आया था। तब ग्रामीणों और जिम्मेदारों ने खरी-खोटी सुनाई थी, आखिर ऐसे लापरवाह अधीक्षक को बचाया क्यों जा रहा है? कौन से अधिकारी इनके पीछे खड़े हैं?

हालात यहीं नहीं रुकते, आश्रम में शौचालय दर्जनों की संख्या में बने हुए है मगर शौचालय की टंकियां फ़्टी हुई हैं। मजबूरन मासूम बच्चों को जंगल में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। यह जिम्मेदार अधिकारियों और विभाग के लिए शर्मनाक है बल्कि बच्चों की जान और सेहत के साथ खुला खिलवाड़ है।

इससे भी बड़ा सवाल क्रेडा विभाग की लापरवाही पर उठ रहा है। आश्रम में सौर ऊर्जा से पानी की व्यवस्था के लिए टांकी और मोटर लगाया गया था। मोटर के खराब होने पर दो साल पहले विभाग के कर्मचारी मरम्मत के नाम पर निकाल ले गए थे। लेकिन आज तक वह मोटर वापस नहीं आया। क्या सम्बन्धित विभाग वह मोटर को मरम्मत कराने को विदेश भेज दिया है, जो दो साल से अब तक रिपेयर होकर नहीं लौटा?

इस संबंध में जब मंडल संयोजक नंदकुमार मारकोण्डा से फोन पर संपर्क किया गया, उन्होंने कहा कि 9 बजे तक बच्चों के लिए नाश्ता और भोजन नहीं बनाना अधीक्षक की गंभीर लापरवाही है। दो दिन पहले आश्रम का निरीक्षण किया गया, शौचालय और पानी जैसी समस्याओं को उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी गई हैं। ग्रामीण भी नाराज है, क्योंकि सवाल छोटे-छोटे बच्चों के जीवन और भविष्य का है। आखिरकार ये अधिकारी किसका इंतजार कर रहे हैं। बच्चों के भूख से सड़क पर गिरने का या किसी हादसे का? अब आगे देखना यह होगा कि क्या प्रशासन मासूम बच्चों की भूख और बदहाली पर आंख मूंदकर बैठेगा या फिर अधीक्षक की जिम्मेदारियों की अनदेखी को रोकते हुए नए अधीक्षक की नियुक्ति कर आश्रम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करेगा।

## राजस्व कोर्ट में लंबित प्रकरणों का समय में निराकरण करें : कलेक्टर



**बलौदाबाजार 10 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग में लंबित आवेदननो की समीक्षा करते हुए कोर्ट में लंबित प्रकरणों का समय -सीमा में निरकारण कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने अभियान चलाएं। इसके साथ है एक से 5 वर्ष तक लंबित प्रकरणों का तेजी से निरकारण करने तथा गति शक्ति अभियान के तहत रेलवे ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज हेतु भू अर्जन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों का पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी कार्य में प्रगति लाने राजस्व विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने जेम पोर्टल के माध्यम से शासकीय सामग्री खरीदी की समीक्षा करते हुए विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल पर खरीदी प्रक्रिया के लिए समिति गठित की गई है। विभाग द्वारा सामग्री खरीदी से पूर्व समिति से आवश्यक मार्गदर्शन व अनुमोदन प्राप्त कर लें। शासन के नियमों का शतप्रतिशत पालन करें। निविदा शर्तो में अपने से कोई भी कण्डिका न जोड़ें।

## संपादकीय

# आत्मा की आवाज की दांव उल्टा पड़ा

विपक्ष बातें तो बड़ी बड़ी करता है लेकिन काम वैसा कर नहीं पाता है। इससे हमेशा उसका मजाक उड़ता है। कहा जाता है कि जब कोई काम वह कर नहीं पाता है तो वह कहता क्यों हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में उसे मालूम था कि उसके प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद भी विपक्ष ने प्रत्याशी खड़ा किया। प्रत्याशी खड़ा किया तो अपने प्रत्याशी को उतने वोट दिलाना भी तो विपक्ष की जिम्मेदारी थी जितने वोट विपक्ष के हैं। विपक्ष के प्रत्याशी को पूरे वोट तो तब ही मिलते जब विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास करते, इस बात का ख्याल रखते कि विपक्ष का एक वोट एनडीए के प्रत्याशी को न मिले। उपराष्ट्रपति चुनाव के ठीक पहले राहुल गांधी विदेश चले गए। इससे पता चलता है कि वह उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर गंभीर नहीं थे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यह दावा कर रहे थे कि जिस दिन उपराष्ट्रपति के मतदान होगा यानी 9 सितंबर को मोदी सरकार गिर जाएगी। इसके लिए विपक्ष ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान करने वालों से कहा कि वह आत्मा की आवाज पर वोट दें। विपक्ष मान कर चल रहा था कि आत्मा की आवाज पर उसे जितने वोट मिलने हैं, उससे ज्यादा वोट मिलेंगे, उसकी जीत होगी। आत्मा की आवाज पर विपक्ष के प्रत्याशी को जितने वोट मिलने थे, उतने वोट भी नहीं मिले यानी आत्मा की आवाज पर एनडीए प्रत्याशी को जितने वोट मिलने थे उससे ज्यादा वोट मिले। एनडीए के प्रत्याशी राधाकृष्णन के ज्यादा वोटों से जीतने पर साफ है कि सरकार मजबूत स्थिति में है, उसके गिरने का कोई खतरा नहीं है। यानी यह विपक्ष की एक और हार है। क्योंकि विपक्ष दावा कर रहा था कि यह सरकार 9 सितंबर को गिर जाएगी, लेकिन सरकार और मजबूत होकर सामने आई है। एनडीए ने साबित किया है कि उसका वोट जुगाड़ने का मैनेजमेंट विपक्ष से बेहतर है। विपक्ष जितना सरकार को कमजोर बताने की कोशिश करती है, सरकार और मजबूत होकर सामने आती है तथा पीएम मोदी और मजबूत नेता के रूप में सामने आते हैं। विपक्ष को समझने की जरूरत है कि बड़ी बड़ी बातों से सफलता नहीं मिलती है,जमीन पर काम करने से मिलती

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपका व्यापार पहले से बेहतर चलेगा। आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आप किसी से कोई पार्टनरशिप न करें, तो उसमें आप पूरा ध्यान दें और आप संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने की संभावना है। आप लोगों की आवभगत में लगे नजर आएंगे। आपके पिताजी की सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा, जिससे आपको टेंशन होगी।

वृषभ आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर दुविधा बनी रहेगी। आज आपको बेवजह का भय सताएगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और आपको कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आज वह पूरी हो सकती है। आप ज्यादा पानी वाली जगह जाने से बचें। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखनी होगी, तभी उन्हें कोई अच्छा मुकाम हासिल होगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से मेल मुलाकात करने जा सकते हैं। आपको किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर ले जाने से बचना होगा। आपने यदि किसी काम को लेकर कोई लापरवाही दिखायी, तो वह आपके लिए कोई बड़ी समस्या बन सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

कर्क आज आपको शासन-सत्ता का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो प्रयास करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके काम में यदि कुछ विघ्न आ रहे थे, तो वह दूर होंगे। आप अपने काम से काम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी दूर रहे परिजन से आपको निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानने की कोशिश करें, क्योंकि उन्हें आपकी तरक्की से ईर्ष्या होगी। आप किसी बैंक से यदि कोई लोन लेने की सोच रहे थे, तो उसके लिए आप अप्लाई कर सकते हैं।

कन्या आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा और वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आप किसी से मांगकर वाहन न चलाएं और आपको किसी पुराने लेनदेन से आपको छुटकारा मिलेगा। आप अपनी शौक मजबूत की चीजों पर भी अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे, लेकिन आप अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं बाहर घूमने फिराने के लेकर जा सकते हैं।

तुला आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। प्रेम में सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप छोटे बच्चों के लिए कुछ खाने पीने की चीजे लेकर आ सकते हैं, लेकिन आप अपनी माताजी के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को लेकर भी सतर्क रहें, क्योंकि उनमें लापरवाही करने से वह आपसे नाराज हो सकती हैं। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों में सुधार लायेंगे। आपको अपने बिजनेस के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपको बेवजह क्रोध करने से बचना होगा। आप किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होंगे, जहां आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

धनु आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या थी, तो उसमें भी सुधार आएगा। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा। आप कार्यक्षेत्र में अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें, नहीं तो आपको झूठा साबित किया जा सकता है। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बनाएंगे, जिसमें आप माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाएं। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छे रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप अपने आवश्यक कामों को पूरा करने में ढील बिल्कुल ना दें और संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। यदि आपने किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप उतारने में सफल रहेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी और आपको नौकरी में भी प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। पार्टनरशिप यदि आप किसी काम को लेकर करें, तो उसमें पूरी लिखा पढ़ी करके चलें, क्योंकि बाद में आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है। किसी नये घर आदि की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं।

मीन आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप कोई निवेश थोड़ा समझदारी से करें। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी, क्योंकि उनका डूबा हुआ धन भी आपको मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का कोई साथी पसंद आ सकता है, जिससे उनकी वाणी से लोग आपको काफी खुश करने की कोशिश में कामयाब रहेंगे, लेकिन आपके कुछ विरोधी भी उत्पन्न हो सकते हैं, जिनसे आपको बचना होगा।

# धार्मिकता का ढोंग और मृत संवेदनायें

निर्मल रानी



हमारा भारत वर्ष कृषि प्रधान होने के साथ साथ 'धर्म प्रधान' देश भी माना जाता है। यहाँ सुबह चार बजे से ही विभिन्न धर्मों के लोग अपने अपने आराध्य को ख़ुश करने के 'मिशन ' में अपने अपने तरीक़े से जुट जाते हैं। धर्मस्थलों में लगे लाउडस्पीकर ब्रह्म मुहूर्त में ही देशवासियों को अपने अपने आराध्य व अपने देवालयों की ओर आकर्षित करने लगते हैं। इसके अलावा भी देश भर में निकलने वाले विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूस,शोभा यात्रायें,सत्संग में होने वाले संतों के प्रवचन,धर्म जागरण के नाम पर चलने वाले अनेक अतिवादी मिशन, कांवड़ जैसी यात्रायें महाकुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन,तीर्थ स्थलों में इकट्ठी होने वाली भक्तों की अनियंत्रित भीड़ आदि को देख कर तो एक बार यही लगेगा कि हर समय श्रद्धा व भक्ति भाव में डूबे रहने वाले हमारे धर्म प्रधान देश के लोग बेहद धार्मिक,संवेदनशील और मानवता की क़द्र करने वाले लोग होंगे। रोज़ाना जगह जगह लगने वाले लंगर,देश भर में संचालित हो रही अनेकानेक जनसेवी संस्थायें भी इसी बात का एहसास दिलाती हैं। परन्तु इसी 'धर्म प्रधान देश' से जहां मानवता की मिसाल पेश करने वाले अनेकानेक क़िस्से सुनाई देते हैं वहीँ कुछ घटनायें ऐसी भी सामने आती हैं जिन्हें सुनकर ऐसा लगता है गोया इसी भारतीय समाज के ही कुछ लोगों की संवेदनायें बिल्कुल ही मुर्दा हो चुकी हैं। ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज़ ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज ज़िले में स्थित



नौतनवा क़स्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताज़ातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे। अब इन्हीं बच्चों पर अपने मृत पिता के अंतिम संस्कार की ज़िम्मेदारी थी। उसका कोई भी रिश्तेदार या पड़ोसी अंतिम संस्कार करने के लिये सामने नहीं आया। बच्चों की दादी आई भी तो रो पीट कर वापस चली गयी। बच्चे अंतिम संस्कार करने या उसके लिये सहायता करने की भीख समाज से मांगते रहे। यहाँ तक कि तीन दिन तक लाश घर में सड़ती रही। ज़रा सोचिये कि क्या गुज़र रही होगी उन मासूम बच्चों पर जब वे अपने बाप की रेहड़ी पर ही अपने बाप की सड़ी हुई लाश रखकर लोगों से अंतिम संस्कार हेतु पैसे मांगते फिर रहे होंगे ? जब यह बच्चे ठेले पर लाश लेकर श्मशान घाट पहुंचे तो बताया गया कि वहां जलाने हेतु लकड़ी नहीं है। और फिर जब यह बेगुनाह मासूम अपने बाप के शव को लेकर क़ब्रिस्तान पहुंचे तो क़ब्रिस्तान वालों ने यह कहकर लाश को द''करने से मना कर दिया कि यह शव हिन्दू का है । आख़िरकार बच्चे लाश को ठेले पर रखकर सड़क पर खड़े होकर रोने बिलखने लगे। कोई दुर्गन्ध से अपनी नाक बंद कर गुज़र जाता तो कोई उन बदनसीब बच्चों की फ़ोटो खींचता या वीडिओ बनाता परन्तु मदद करने के लिये 'धर्म जागृत समाज ' का कोई भी व्यक्ति सामने न आता। हद तो यह है कि ठेले पर शव रखा देखने व मृतक लव कुमार के स्थानीय व्यक्ति होने के बावजूद कुछ लोग यह कहकर आगे बढ़ जाते कि 'यह भीख मांगने का नया ट्रेंड है' । इसी दौरान यह मायूस बच्चे जब अपने बाप की लाश को ठेले पर ढकेलते हुये नदी की ओर रोते बिलखते जा रहे थे तभी राहुल नगर वार्ड के निवासी रशीद क़ुरैशी की नज़र उन बच्चों व उनके साथ दुर्गन्ध मारती लाश पर पड़ी। बच्चों ने रोते बिलखते अपनी सारी पीड़ा रशीद से सांझी की। रशीद ने तुरंत अपने भाई व उसी राहुल नगर (वार्ड 17) के पार्षद वारिस क़ुरैशी को फ़ोन पर पूरी घटने की जानकारी दी। उसके बाद दोनों क़ुरैशी बंधुओं ने सर्वप्रथम उन रोते बच्चों को ढारस बंधाई और उन्हें संभाला। उसके बाद अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी व आवश्यक सामग्री का प्रबंध किया। फिर समाज के कुछ लोगों को साथ लेकर शमशान घाट जाकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ मृतक का अंतिम संस्कार कराया। आज उस इलाक़े के लोग मानवता की रक्षा करने वाले क़ुरैशी भाइयों की इंसानियत को जहाँ सलाम कर रहे हैं, वहीं उनके रिश्तेदारों और पड़ोसियों की बेरुख़ी तथा नगर पालिका की लापरवाही पर भी घोर ग़ुस्सा जता रहे हैं। साथ ही उस इलाक़े के 'हिन्दू जागरण अभियान' में जुटे लोगों को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। पिछले दिनों ऐसा ही एक चित्र जिसे पंजाब की बाढ़ से संबंधित बताया जा रहा है,सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस चित्र में एक मासूम बच्चा बाढ़ के पानी में अपनी मां की तैरती लाश को खींच रहा है। शायद इस उम्मीद से कि उसकी मां मरी नहीं है। इस मार्मिक दृश्य को देखने वाले लोग आगे बढ़कर बच्चे को गोद उठाने व उसकी मां की लाश को पानी से बाहर निकालने में मदद करने के बजाय मोबाईल से इस दृश्य का वीडीओ बनाना ज़्यादा ज़रूरी समझ रहे हैं। क्या इस तरह की घटनाएं इस बात का सुबूत नहीं कि हमारे धर्म प्रधान देश में होने वाले इस तरह के हादसों के बाद केवल किसी इंसान की ही मौत नहीं होती बल्कि यह मानवता की मौत भी है। इससे यह भी पता चलता है कि धार्मिकता का ढोंग करने वाले ऐसे लोगों की संवेदनायें पूरे तरह मृत हो चुकी हैं।

# काश ! भौतिक तरक्की की तरह नैतिक तरक्की की भी रफ्तार होती !

मनोज दुबे



जब हम अपने देश व समाज को एक सुंदर ,खूबसूरत, प्रभावशाली एवं प्रगतिशील राष्ट्र से भी आगे विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखते हैं, और जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते जाते हैं ठीक उसी रफ्तार से हम कई पिछड़ते हुए विषयों और क्षेत्रों में हिस्सेदार भी बनते जाते हैं, एक तरफ तो हम विज्ञान व टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आसमान छू रहे हैं कला व साहित्य के क्षेत्र में इतिहास गढ़ रहे हैं शिक्षा, कला, विज्ञान ,खेल व समाज के सभी क्षेत्रों में आधुनिकता की रफ्तार के साथ विकास की गति एक समानांतर रूप से आगे बढ़ती जा रही है ,। राजनीतिक, सामाजिक ,आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक व वैज्ञानिक आदि अन्य सभी क्षेत्रों पर आजादी के बाद से ही हमारा देश एक कठिन परिश्रम व संघर्ष की बाद तरक्की के राह पर आया,।

बेशक हमें अपने देश की विविधता पर गर्व है ,हम भारत के लोग बहुरंगी संस्कृति का उत्सव मनाते हैं , विविधता में एकता राष्ट्र की विशेषता का भाव हमारे देश की मातृभूमि को सदैव गौरांवित करती रही है, जो की दुनिया की तमाम उन सभी देशों को आईना दिखाकर उनके छिपे दागों को दिखाकर उन्हें एहसास भी कराया है और नैतिकता का संदेश भी दिया है, हमारा देश सदैव से ही परंपराओं के नियंत्रण में ही रहकर अपनी मर्यादा को परिभाषित करता रहा है , परम्पराएं , रीति-रिवाज और सभ्यता, आदर सत्कार की मर्यादा के साथ एक सामाजिक संरचना को बनाकर एक मर्यादित रूपी संस्कृति को स्थापित कर देश आगे बढ़ता रहा है, हमारे देश की सामाजिक मूल्यों की बुनियाद इतनी गहरी और मजबूत रही है जो हमारे हजारों साल के सामाजिक, राजनीतिक उतार चढ़ाव के बाद भी देश की मर्यादा की बुनियाद को डिगा नहीं पाई थी, स्वाभाविक है प्रकृति का नियम ही परिवर्तन है ,। परिवर्तन से ही देश व समाज में नए मूल्य स्थापित होते हैं परिवर्तन स्वरूप आधुनिक शिक्षा का दौर शुरू हुआ, एक नई पश्चिमी सभ्यता का विस्तार एवं प्रभाव इस कदर समाज को अपने आगोश में लिया कि हमारी संस्कृति इस राह में खड़ी हो गयी है जहां से अब हम सभी को सोचने, समझने और चिंतन का दायित्व शुरू हो जाता है.यह तो इस लेख का पहला व सकारात्मक पक्ष रहा है अब मैं इस लेख के दूसरे पहलू की बात करता हूं जो पहले पक्ष के सकारात्मक प्रचलन व विकास के साथ-साथ बढ़ती हुई आधुनिकता के परिणाम स्वरुप उत्पन्न हुई है, काश भौतिक तरक्की की रफ्तार की तरह नैतिक तरक्की की भी रफ्तार होती ।यह भौतिकवादी व्यवस्था की दौड़ किस तरह नैतिक वादी व्यवस्था पर आघात किया है कि पूरा समाज एक नकारात्मक परिवर्तन में परिवर्तित होकर हमारी सामाजिक परंपराओं को चिढ़ा रहा है,। इस कदर आधुनिकता ने हमारी सोच को ही परिवर्तित कर डाला है सामाजिक मूल्यों का पतन ,पैसे और व्यक्तिगत लाभ से आज सामाजिक भलाई पीछे छूट गई है और पारंपरिक सामाजिक संरचनाएं क्षीण होती जा रही हैं। सोशल मीडिया के प्रभाव में पारिवारिक व सामाजिक मर्यादाओं व सभ्यताओं को तार-तार कर दिया है ,नैतिक पतन ने भारतीय संस्कृति को इतना कमजोर कर दिया है कि पारिवारिक विघटन व असभ्यताओं का तेजी से विस्तार हुआ है , आधुनिक व वैज्ञानिक शिक्षा का तेजी से विकास तो हुआ लेकिन नैतिक शिक्षा का पतन भी हुआ है, समाज में कड़वाहट व दूसरों की निन्दा या बुराई ,ध्रणा ,नफरत करने का नकारात्मक भाव किस तरह से आगे बढ़ रहा है एक बेहतर सोच व वास्तविक शिक्षा का पतन एक गंभीर विषय समाज के लिए है भारतीय समाज का एक बड़ा वर्ग है जो सोचता है कि भारत के भविष्य को गढ़ने में उनकी कोई भूमिका नहीं है उनके लिए समाज व देश अलग है और हम अलग हैं , यही मानसिकता बदलती होगी । हम एक बेहतर सामाजिक व्यवस्था तो चाहते हैं पर अपनी जिम्मेदारी से दूर भागते हैं, सफलता तो चाहते हैं पर संघर्ष से परहेज करते हैं , हम ड्राइंग रूम में बैठकर गलत नीतियों का विरोध तो करते हैं लेकिन समाजिक सुधार में अपनी जिम्मेदारी से कतराते हैं और पीछे हट जाते हैं हमें एक बेहतर व कर्मठ युवाओं की पीढ़ी तैयार करनी होगी जो सामाजिक मूल्य एवं मर्यादित आधुनिकता के साथ चल सके, नकारात्मक विचारों की शैय्या में एक कपोल कल्पना के रूप में किसका घर रोशन हुआ एवं दूसरों के दुख में अपने सुख की अनुभूति को टटोलना के बजाय एक सकारात्मक बेहतर व शानदार विचारों के साथ अपने देश व समाज में अनेकता में एकता राष्ट्र की विशेषता जैसे खूबसूरत व आकर्षक शब्दों के भाव को साकार करते हुए एक बेहतर सोच के भाव को उत्पन्न करना होगा और सामाजिक पुनर्संरचना में हमें अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

**( लेखक- राजनीतिक व सामाजिक चिंतक हैं)**

# सी.पी. राधाकृष्णन: एक नये अध्याय की शुरुआत

**- ललित गर्ग -**

भारत के अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए संसद के दोनों सदनों के सांसदों ने अपने वोट डालें। सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के उम्मीदवार वरिष्ठ अधिवक्ता बी सुदर्शन रेड्डी को परास्त कर 17वें उपराष्ट्रपति के रूप में जीत दर्ज की और एक नये इतिहास का सृजन किया है। निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी के अनुसार मतदान संसद भवन के वसुधा स्थित कमरा संख्या एफ-101 में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। यह ऐतिहासिक घटना केवल उपराष्ट्रपति पद के चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति में बदलते समीकरणों और भविष्य की दिशा का संकेत भी देती है। सी.पी. राधाकृष्णन का 17वें उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होना न केवल एनडीए और भाजपा की रणनीतिक सूझबूझ का परिणाम है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि व्यक्ति चयन की प्रक्रिया को उन्होंने केवल राजनीतिक समीकरण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें व्यापक सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को जोड़ा।

एनडीए के प्रत्याशी के रूप में राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को परास्त किया, इसकी संभावनाएं पहले से व्यक्त की जा रही थी। यह जीत केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह विचारधारा, दृष्टि और नेतृत्व की जीत है। उपराष्ट्रपति पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है, जहाँ राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित सर्वोपरि हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व ने राधाकृष्णन जैसे व्यक्ति को चुनकर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति का व्यक्तित्व, नैतिकता और राष्ट्रीय दृष्टिकोण सर्वोपरि है। इस शानदार जीत के कई निहितार्थ हैं। पहला, यह भाजपा और एनडीए की राजनीतिक पकड़ और संगठनात्मक शक्ति को और मजबूत करता है। दूसरा, यह विपक्षी इंडिया गठबंधन की कमजोरियों और आंतरिक मतभेदों को उजागर करता है। तीसरा, यह भविष्य की राजनीति की उस दिशा को दर्शाता है जहाँ व्यक्तिगत ईमानदारी, सामाजिक स्वीकार्यता और राष्ट्रीय दृष्टि को अधिक महत्व मिलेगा।

सी.पी. राधाकृष्णन का चयन इस मायने में भी ऐतिहासिक है कि वे राजनीति के व्यावहारिक धरातल पर काम करने वाले ऐसे नेता माने जाते हैं जिनकी पहचान केवल पार्टी तक सीमित नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में भी है। यह कदम भाजपा की उस राजनीति की भी झलक देता है जहाँ वह केवल चुनावी जीत की ओर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन सांस्कृतिक और वैचारिक स्थिरता की ओर अग्रसर है। यह कहा जा सकता है कि इस चुनाव में एक तीर से अनेक निशाने साधे गए हैं, एनडीए की शक्ति का प्रदर्शन, विपक्ष को स्पष्ट संदेश, संवैधानिक गरिमा की रक्षा, और भविष्य की राजनीति में व्यक्ति चयन की एक नई परंपरा का सूत्रपात। भारत की राजनीति में यह एक ऐसा क्षण है जिसे केवल चुनावी जीत के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की व्यापक प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए। भाजपा ने एक और तीर साधा है। जैसाकि तमिलनाडु की राजनीति परंपरागत रूप से द्रविड़ आंदोलनों और क्षेत्रीय पहचान से प्रभावित रही है, जहां पिछले कई दशकों से डीएमके और एआईएडीएमके का दबदबा रहा है। भाजपा के लिए इस राज्य में राजनीतिक ज़मीन तैयार करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज़ 4 सीटें मिलीं, जबकि एनडीए गठबंधन को कुल 66 सीटों पर सफलता हासिल हुई। यह स्पष्ट करता है कि तमिलनाडु में भाजपा की पकड़ अभी कमजोर है और उसे क्षेत्रीय भावनाओं, भाषा और संस्कृति से जुड़े सवालों पर गहरी पैठ बनाने की जरूरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर एक रणनीतिक दांव खेला है। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और उनकी पहचान को आगे रखकर भाजपा राज्य की राजनीति में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाना चाहती है। इससे भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वह तमिल अस्मिता, संस्कृति और क्षेत्रीय नेतृत्व को सम्मान देती है। राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से भाजपा को उम्मीद है कि वह आने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी उपस्थिति और प्रभाव को विस्तार दे सकेगी और द्रविड़ राजनीति के लंबे प्रभुत्व को चुनौती देने का आधार बना सकेगी।



भारत का उपराष्ट्रपति पद एवं उपराष्ट्रपति मंत्रालय भारतीय लोकतंत्र की गरिमा और संतुलन का प्रतीक है। यह पद केवल औपचारिकता का केंद्र न होकर भारतीय संसद के उच्च सदन का अध्यक्ष होने के कारण संवाद, विचार और लोकतांत्रिक विमर्श की आत्मा को दिशा देता है। स्वतंत्र भारत की इस परंपरा को जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे दार्शनिक, विचारक और शिक्षाविद ने अपने व्यक्तित्व और कार्य से ऊँचाई दी, तब यह पद राष्ट्र के सांस्कृतिक, नैतिक और बौद्धिक आदर्शों का संवाहक बन गया। उनके माध्यम से यह संदेश गया कि उपराष्ट्रपति का पद केवल राजनीतिक महत्व का नहीं बल्कि राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण और विकास का भी दायित्व वहन करता है। आज एनडीए द्वारा इस परंपरा में नई ऊर्जा का संचार करते हुए प्रभावी और रचनात्मक व्यक्तित्व को उपराष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित करना भारतीय राजनीति की उज्जवल परंपरा को आगे बढ़ाने का संकेत है। यह प्रयास बताता है कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती केवल सत्ता-संघर्ष में नहीं बल्कि उच्च पदों पर ऐसे व्यक्तित्वों के चयन में निहित है जो नैतिकता, विद्वत्ता और संवेदनशीलता से लोकतंत्र की गुणवत्ता को बढ़ाएं। डॉ. राधाकृष्णन की परंपरा को स्मरण करते हुए यह आवश्यक है कि उपराष्ट्रपति संस्था निरंतर आदर्शवाद, विमर्श की गहराई और राष्ट्रीय मूल्यों की ऊर्जा का केंद्र बनी रहे।

सी.पी. राधाकृष्णन का जीवन संघर्ष, साधना और निरंतर सक्रियता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। 20 अक्तूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन का विद्यार्थी जीवन खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा रहा। वे टेबल टेनिस के चैम्पियन रहे और उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर सामाजिक सेवा के मार्ग पर आगे बढ़े। सत्तर के दशक में जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले राधाकृष्णन धीरे-धीरे भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चेहरे बने। कोयंबटूर से वे 1998 और 1999 में लगातार दो बार लोकसभा सदस्य चुने गए। संसद में उनकी सक्रियता, समितियों में भागीदारी और जनता से जुड़े मुद्दों पर बेबाकी ने उन्हें एक सशक्त जननेता के रूप में पहचान दी। वर्ष 2004 से 2007 तक उन्होंने भाजपा तमिलनाडु का नेतृत्व किया और संगठन विस्तार के लिए यात्रा, आंदोलन और संवाद को प्रमुखता दी। इसके बाद कोइर बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने नारियल उद्योग और उसके निर्यात को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राधाकृष्णन की प्रशासनिक यात्रा उन्हें राज्यपाल पद तक ले गई। वे झारखंड, तेलंगाना और महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने पारदर्शिता, सौम्यता और संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य किया। उनकी छवि एक सहज, सरल और संतुलित व्यक्ति की है जो संवाद से समाधान तलाशने में विश्वास रखते हैं। जब तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ा तो इस पद पर चुनाव की आवश्यकता पड़ी। एनडीए ने सर्वसम्मति से राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने भी अपना प्रत्याशी उतारा, परंतु संख्या बल के कारण यह साफ था कि राधाकृष्णन की विजय लगभग सुनिश्चित है। कुछ क्षेत्रीय दलों ने मतदान से दूरी बना ली, जिससे समीकरण और भी सरल हो गए। राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने से राज्यसभा की कार्यवाही में संयम और संवाद की संस्कृति मजबूत होगी। उपराष्ट्रपति का दायित्व केवल औपचारिक नहीं होता, बल्कि यह संसद की गरिमा और संविधान की मर्यादा का संरक्षक भी होता है। दक्षिण भारत से आना और ओबीसी समुदाय से होना उन्हें सामाजिक और राजनीतिक संतुलन का प्रतिनिधि बनाता है। उनका पूरा जीवन एक कर्मयोगी की तरह रहा है। उन्होंने किसी भी पद को केवल शक्ति के रूप में नहीं देखा बल्कि सेवा और कर्तव्य निभाने का अवसर माना। अब वे सत्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में अपना कार्यकाल प्रारंभ रहें हैं तो यह आशा की जा सकती है कि वे संसद में शांति, लोकतांत्रिक परंपराओं और संवाद के स्तर को ऊँचाई देंगे। उनका अनुभव, धैर्य और समर्पण देश की लोकतांत्रिक संरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

एक नजर

## चेरपाल-पेद्दाकोरमा मार्ग पर बड़ा हादसा टला, सुरक्षा बलों ने आईईडी किया नष्ट



**बीजापुर, 10 सितंबर।** जिले में माओवादियों की हिंसक साजिश को सुरक्षा बलों ने समय रहते विफल कर दिया। गंगालूर थाना क्षेत्र के चेरपाल-पेद्दाकोरमा मार्ग पर सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने सड़क किनारे भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह डीआरजी बीजापुर एवं केरिपु 222 वाहिनी की संयुक्त टीम गश्त पर निकली थी। इस दौरान जवानों की नजर सड़क पर पड़े इलेक्ट्रिक तार पर गई। शक होने पर इलाके को घेरकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सर्चिंग में स्टील टिफिन बॉक्स में करीब 10 किलोग्राम विस्फोटक और एक बीजीएल सेल से जुड़ा करीब 3 किलो आईईडी बरामद हुआ। तत्काल सूचना पर मौके पर पहुंची बीजापुर बीडीएस एवं केरिपु 222 की टीम ने सतर्कता बरतते हुए पूरे विस्फोटक को सुरक्षित ढंग से नष्ट कर दिया। अधिकारियों का मानना है कि नक्सली इसे सुरक्षा बलों या आम नागरिकों को निशाना बनाने के लिए लगाए थे, लेकिन सुरक्षाबलों की सतर्कता से एक बड़ी वारदात टल गई। इससे पहले भी माओवादी इस मार्ग पर कई बार आईईडी लगाकर घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश कर चुके हैं। लगातार सर्चिंग और गश्ती के चलते सुरक्षा बल उनकी योजनाओं को नाकाम कर रहे हैं।

## पांच लाख के इनामी नक्सली गिरफ्तार



**बीजापुर, 10 सितंबर।** जिले में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली है। डीआरजी बीजापुर, थाना बासागुड़ा, कोबरा 210 और केरिपु 229 की संयुक्त कार्रवाई में पुतकेल-पोलमपल्ली क्षेत्र से चार सक्रिय माओवादी गिरफ्तार किया गया हैं। इनमें तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सभी पर मिलाकर कुल पाँच लाख रुपये का इनाम घोषित था। रविवार को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पुतकेल-पोलमपल्ली इलाके में सघन सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पर दबिश दी गई और चारों माओवादियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान माओवादियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, बिजली के तार, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, पावर सोर्स बैटरी, जमीन खोदने के औजार और शासन विरोधी प्रचार-प्रसार से जुड़ी पर्चे बरामद किए गए। गिरफ्तार माओवादियों की पहचान- हेमला भारती ऊर्फ जोगी - प्लाटून नं. 10 की सदस्य, 2 लाख रुपये इनामी। जोगी मिडियम - पीएलजीए सदस्य, 1 लाख रुपये इनामी। देवा हेमला - पीएलजीए सदस्य, 1 लाख रुपये इनामी। डोडी हीरे ऊर्फ शांति - जगरगुंडा-बासागुड़ा एलओएस सदस्य, 1 लाख रुपये इनामी। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ थाना बासागुड़ा में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बाद में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को विधायक चैतराम अटामी ने दी बधाई

**दंतेवाड़ा 10 सितंबर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व क्षेत्रीय विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने मंगलवार को देश के 15वें उप राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने पर सीपी राधाकृष्णन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री अटामी ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन का लंबा संसदीय अनुभव और सामाजिक जीवन का समृद्ध प्रवास ही निश्चित ही देश की संसदीय गरिमा, मर्यादा और लोकतांत्रिक परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ करेगा, ऐसा हमारा दृढ़ विश्वास है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों का उप राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने पर आभार व्यक्त किया।

# खराब सड़क से एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती संतोषपुर

## जिला पंचायत सदस्य नीना ने कलेक्टर से गुहार लगाई

### एम्बुलेंस भी नहीं पहुँच पाती, सड़क निर्माण को लेकर उठी ग्रामीणों की आवाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर, 10 सितंबर।** जिला मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत संतोषपुर की सड़क की जर्जर हालत ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के मौसम में हालात और भी खराब हो रहा हैं, जिससे एम्बुलेंस भी गाँव तक नहीं पहुँच पाती। ऐसे में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुँचाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सड़क सुधार की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे और ग्रामीणों ने कलेक्टर बीजापुर और क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि विकास के नाम पर झूठे दावे किए जा रहे हैं, जबकि जिला मुख्यालय से नजदीकी गांव संतोषपुर की जनता बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित है।

#### 12 छोटे पुल-पुलियों के निर्माण की जरूरत

नीना ने कहा कि महज आठ किलोमीटर लंबी इस सड़क पर लगभग 12 छोटे-छोटे पुल-पुलियों की आवश्यकता है। इनके निर्माण से न केवल संतोषपुर बल्कि कोरसापारा से कोयाईटपाल, तुमनार, पेदाकोडेपाल होते हुए नैमेड पंचायत के लोगों को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लाने के लिए भी दुपहिया वाहनों से सफर करना पड़ता है, जो बेहद कठिन और जोखिम भरा है। बरसात में यह स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व सरपंच मनीष लेकाम, पूर्व जनपद सदस्य दिलीप कोरसा, कमलू लेकाम, मुन्ना कलमू, कुमारू कोरसा, बर्मानन्द कुड़मूल, मनोज समतुल, रमेश कुड़मूल, मनीष अवलम, अनिल कोरसा, सुशील यादव, विनेश कुड़ियम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई मप्र, ओडिशा व गोवा की सरकारों का विधायक ने माना आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 10 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने बस्तर संभाग में आई भीषण बाढ़ की प्राकृतिक आपदा के इस कठिन समय में मध्यप्रदेश, ओड़िशा और गोवा की राज्य सरकारों द्वारा सहयोग का हाथ बढ़ाने पर अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की है। श्री अटामी ने कहा कि बस्तर में बाढ़ की विभीषिका से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हो गए और पशु-धन का भी भारी नुकसान हुआ है। अतिवृष्टि से जन-धन की बड़ी क्षति के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा राहत और पुनर्वास कार्य किए जा रहे हैं।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़ को पांच करोड़ की आर्थिक सहायता और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराएगी। इसी तरह ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने भी सहायता राशि और राहत सामग्री भेजने का ऐलान किया है। श्री अटामी ने कहा कि मध्यप्रदेश, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ केवल पड़ोसी राज्य नहीं, बल्कि आत्मीय रिश्तों से जुड़े परिवार की तरह हैं। आपदा की घड़ी में तीनों राज्य सरकारों का यह सहयोग बस्तर के प्रभावित जनों को संबल प्रदान करेगा और बस्तर के पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने में सहायक होगा। इन राज्य सरकारों का यह सहयोग निश्चित ही यह दर्शाता है कि हमारा देश एकजुट होकर हर संकट का सामना कर सकता है।

# भोपालपटनम में जिओ नेटवर्क की कमी से हर वर्ग के लोग परेशान

### कलेक्टर को सौंपा गया आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 सितंबर।** नगर पंचायत भोपालपटनम में लंबे समय से जिओ मोबाइल नेटवर्क की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। नेटवर्क की कमी के कारण छात्र-छात्राओं से लेकर व्यापारी, कर्मचारी और आमजन तक सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर स्थिति आपातकालीन सेवाओं और प्रशासनिक कार्यों पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर सामने आई है।

नगर के नवयुवक साई कुमार चट्टी ने इस समस्या को लेकर नगरवासियों और युवाओं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन को जिला कलेक्टर को सौंपा। आवेदन में बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनपद कार्यालय, शासकीय इंद्रावती महाविद्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित नगर के कई वार्डों और आसपास के रालापल्ली क्षेत्र में जिओ नेटवर्क न के बराबर रहता है। नेटवर्क की इस समस्या के चलते न केवल आपातकालीन सेवाओं तक लोगों की पहुँच प्रभावित हो रही है, बल्कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई और ऑनलाइन सेवाओं में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। लोगों ने मांग की है कि नगर और आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त जिओ मोबाइल टावर स्थापित किया जाए, ताकि नेटवर्क की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और संचार सेवाएँ सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

# जनजीवन सामान्य होने तक वर्षा प्रभावितों को दी जाएगी राहत

## अतिवर्षा से विभागों को हुए नुकसान का आकलन प्रस्ताव भेजने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**दंतेवाड़ा, 10 सितंबर।** आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने विगत 26 अगस्त को जिले में हुए भारी वर्षा के उपरांत मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हुई क्षति के मद्देनजर राहत कार्यो एवं पुनर्वास कार्यो के सुचारू रूप से प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार जब तक इन क्षेत्रों में आम जनजीवन बहाल नही हो जाता तब तक यहां राहत एवं पुनर्वास कार्य जारी रहेगें। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि स्थिति अब तेजी से सामान्य हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि नदी तटों के रहवासियों को शिफ्टिंग किये जाने संबंधी प्रस्ताव ग्राम पंचायतों के ग्राम सभा के स्तर पर तय किये जाने है। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र में पेयजल क्लोरिनेशन एवं जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु पीएचई एवं हेल्थ विभाग लगातार अपने मैदानी अमलों को अलट मोड में रखें और स्वास्थ्य षिविरों का आयोजन लगातार हों। इसके साथ ही उन्होंने कहा अति वर्षा से नुकसान प्रभावित विभाग अपने क्षति आकलन प्रस्ताव तत्काल भेजें ताकि राज्य स्तर पर शीघ्र कार्यवाही की जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग अधिकारी पंचायतों में सहायता राशि प्राप्त प्रभावितों की सूची चस्पा करने के साथ ग्राम सभा में इसका पठन करवाना सुनिश्चित करें। समय सीमा बैठक में इसके अलावा कलेक्टर ने केन्द्र सरकार के आदिकर्मयोगी अभियान की रूपरेखा बताते हुए उन्होंने कहा कि आदिकर्मयोगी अभियान के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं का षत प्रतिषत संतृप्तिकरण भी किया जाना है। इसके अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातीय गांव में विजन निर्माण की प्रक्रिया को सुनिश्चित करना है। विजन निर्माण एक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है जो जनजातीय समुदायों को अपनी आकांक्षा को अभिव्यक्त करने अपने सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने में सक्षम बनाती है।

# गबन के मामले में एजेंट न्यायिक रिमांड पर



**बीजापुर, 10 सितंबर।** कोतवाली पुलिस ने CMS इन्फो सिस्टम्स लिमिटेड में कार्यरत कैश कलेक्शन एजेंट लखेश्वर मांझी (23 वर्ष) को 41 लाख 23 हजार रुपये से अधिक की राशि गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी ने जून और जुलाई 2025 के बीच कंपनी से नकदी वसूली की, लेकिन वसूली गई राशि को कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय अपने निजी खर्चों में इस्तेमाल किया। इस गबन की जानकारी कंपनी को मिलने पर उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।थाना कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लखेश्वर मांझी को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने गबन की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# कुटरू-फरसेगढ़ सड़क अधूरी, विधायक विक्रम मंडावी ने कलेक्टर से की जल्द निर्माण की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 सितंबर।** क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने कुटरू-फरसेगढ़ मार्ग के अधूरे निर्माण को लेकर जिला कलेक्टर संबित मिश्रा से मुलाकात की और सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021-22 में स्वीकृत इस सड़क परियोजना में लगभग 12.60 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण और डामरीकरण सहित पुल-पुलियों का निर्माण होना था। लेकिन अब तक कार्य अधूरा होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक मंडावी ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर से विस्तृत चर्चा की और सड़कों के अधूरे निर्माण को जल्द पूरा करने के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि यह कार्य प्राथमिकता पर लेकर जल्द शुरू किया जाए ताकि आम नागरिकों को आवागमन में राहत मिल सके।

# अवैध रेत उत्खनन और परिवहन मामले में विधायक ने कलेक्टर से की जांच की मांग

**बीजापुर, 10 सितंबर।** जिले के भोपालपटनम तहसील के तिमेड, चंदूर और तारलागुडा में अवैध रूप से रेत के उत्खनन, भंडारण और पड़ोसी राज्यों में परिवहन को लेकर क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने कलेक्टर से तत्काल उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। विधायक ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि स्थानीय भाजपा नेता बी गौतम राव द्वारा जिले की रेत का अवैध भंडारण कर बिना पिट पास के तेलंगाना और महाराष्ट्र में परिवहन किया जा रहा है। मण्डावी ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पहले ही ठेकेदार पर 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन अब तक यह राशि जमा नहीं की गई और रेत का अवैध परिवहन लगातार जारी है।

विधायक ने कहा कि अवैध रूप से रेत का परिवहन न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि राजस्व की चोरी का भी गंभीर मामला है। जिले की रेत का अन्य राज्यों में लगातार परिवहन होने से स्थानीय बाजार में रेत की कमी के साथ-साथ कीमतें भी बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता और निर्माण क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। मण्डावी ने ज्ञापन में यह भी कहा कि रेत के उत्खनन और भंडारण के अधिकार स्थानीय ग्राम पंचायतों को ग्राम सभा के माध्यम से दिए गए हैं, लेकिन इन नियमों की अवहेलना की जा रही है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि मामले की तत्काल उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए और अवैध रेत भंडारण व परिवहन पर रोक लगाई जाए। विधायक ने कहा जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन से आम जनता की मुश्किलें बढ़ रही हैं और यह स्थानीय विकास के लिए भी खतरा है।

# सांसद खेल महोत्सव में तीन स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं

**कांकेर 10 सितम्बर।** भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट (खेलो इंडिया) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत इसमें शामिल होने वाले खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों का पंजीयन गत 29 अगस्त से आगामी 20 सितम्बर तक किया जा रहा है। उक्त आयोजन का उद्देश्य युवा प्रतिभागियों के खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने, ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना है। इसके सफल आयोजन के लिए कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समिति गठित की है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, जनपद पंचायतों के सीईओ और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीयन आगामी 20 सितम्बर तक कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला खेल अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि इसमें पंजीयन कराने के लिए विभाग द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिस पर स्कैन करके वांछित जानकारी भरकर प्रतिभागियों के द्वारा आसानी से पंजीयन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथेलेटिक्स (100 मीटर दौड़, लंबी कूद), कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, गेंड़ी दौड़, गिल्ली डंडा एवं रस्साकस्सी जैसे खेल इवेंट्स को सम्मिलित किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि सांसद खेल महोत्सव तीन स्तर पर आयोजित होगा, ग्रामीण स्तर, विधानसभा तथा लोकसभा स्तर। ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 21 सितम्बर से 21 अक्टूबर तक, विधानसभा स्तर पर 22 अक्टूबर से 22 नवम्बर तक तथा लोकसभा स्तर पर 23 से 25 दिसम्बर के बीच किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अधिकाधिक संख्या में पंजीयन कराने की अपील की है।

# एमएसएमई के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण पर कार्यशाला का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 10 सितम्बर।** रजत महोत्सव के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पारंपरिक बैंकिंग विकल्पों के अतिरिक्त वैकल्पिक वित्तीय स्त्रोतों की जानकारी देने एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से शहर के निजी होटल में ÷वैकल्पिक वित्तपोषण पर एकदिवसीय कार्यशाला÷ का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय एवं विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित की गई।

कार्यक्रम में सीएसआईडीसी रायपुर के प्रतिनिधि मनीष अरोरा ने रैम्प योजना का परिचय देते हुए बताया कि यह योजना एमएसएमई को वित्तीय, बाज़ार एवं संस्थागत सशक्तिकरण के माध्यम से प्रतिस्पर्धी व सतत विकास की दिशा में बढ़ाने हेतु क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के संचालन, बिल डिस्काउंटिंग की प्रक्रिया और समयबद्ध भुगतान की सुविधा पर जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेड्स प्लेटफॉर्म एमएसएमई को विलंबित भुगतानों से राहत दिलाने और नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है। नेशनल स्टाक एक्सचेंज आफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि उर्मिलेश कुमार ने प्लेटफॉर्म पर सूचीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं इससे, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दिया। इस कार्यशाला में जिले के लगभग 50 एमएसएमई उद्यमियों, सीए, और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। उन्होंने कार्यशाला के विषय की उपयोगिता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

# गीदम की समृद्धि को बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का मिला अवार्ड

## बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, जरीन खान व ब्राजील के मशहूर मेकअप आर्टिस्ट अलकंतरा के हाथों हुई सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**गीदम, 10 सितम्बर।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम नगर में रहने वाली ईवी मेकओवर की संचालिका समृद्धि सौरभ पारख को इंडियन एक्सलेंस अवार्ड से नवाजा गया । बीते माह 29, 30 एव 31 अगस्त को आयोजित इस कार्यक्रम में समृद्धि को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, जरीन खान एव ब्राजील के मशहूर मेकअप आर्टिस्ट अलकंतरा के द्वारा बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का अवार्ड दिया गया । इस उपलब्धि के बाद स्थानीय लोगो ने समृद्धि को बधाई दी है । समृद्धि बताती है कि इस सफलता का श्रेय वह अपने पति सौरभ पारख, भतीजे यश पारख अपने परिवार एव ईवी मेकओवर की पूरी टीम को देती है , उनके सहयोग और विश्वास के बिना यह सफलता सम्भव नही थी । गौरतलब है कि समृद्धि ने गीदम नगर में पिछले 11 वर्षो पहले इवी मेकओवर की नींव रखी थी और अपनी मेहनत एव लग्न से उन्होंने कई मुकाम हासिल किए जिसमे मुंबई में प्रसिद्ध मेकअप गुरु अनुराग आर्यवर्धन एव बॉलीवुड आइकॉन माधुरी दीक्षित के हाथों इंडियन एक्सलेंस आवार्ड से सम्मानित हुई। वही 2016 एव 2018 में भी अंतराष्ट्रीय स्तर पर कोलंबो एव बाली में भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सम्मानित हुई । कई राष्ट्रीय एव अंतराष्ट्रीय आवार्डो से नवाजे जाने के बाद इस बार फिर छग से उन्हें इंडियन एक्सलेंस अवार्ड 2025 से नवाजा गया ।

# जहां मुकेश की हत्या हुई,उस बाड़े पर चला बुलडोजर

## आठ माह बाद सुरेश का अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर, 10 सितंबर।** पत्रकार मुकेश चंद्रकार की जघन्य हत्या के आठ माह बाद प्रशासन ने मुख्य आरोपी सुरेश चंद्रकार के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। सोमवार को चट्टानपारा क्षेत्र स्थित आरोपी के बाड़े को राजस्व विभाग, नगर पालिका और पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्त किया गया। यह वही बाड़ा है जहाँ पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या की गई थी और उनके शव को सबूत छुपाने के लिए सेप्टिक टैंक में फेंका गया था। इस घटना ने पत्रकार जगत के साथ साथ पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने राजस्व भूमि पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया और नगर पालिका के सहयोग से कार्रवाई की। पुलिस ने पहले बाड़े को क्राइम सीन के रूप में सील किया था। अब आरोपी की संपत्ति पर विधिवत तोड़फोड़ की गई।

एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल ने बताया कि बाड़ा अवैध कब्जे में बनाया गया था। इस पर पहले भी नोटिस जारी किए जा चुके थे। आरोपी पक्ष ने उच्च न्यायालय में स्थगन के लिए आवेदन किया था, लेकिन उच्च न्यायालय ने स्थगन को निरस्त कर दिया। आखिरकार आठ माह बाद प्रशासन ने जनता की और समाज की मांग पर अमल करते हुए इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था, और अब आरोपी की संपत्ति पर बुलडोजर चलने से मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

## संक्षेप-समाचार

### कांग्रेस के चमचों की गुंडागर्दी उजागर हुई : भाजपा

**रायपुर, 10 सितंबर.** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता किरण बघेल ने प्रदेश के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के विरुद्ध कांग्रेस द्वारा की जा रही राजनीति को ओछेपन की पराकाष्ठा बताते हुए कहा है कि मुद्दों के संकट से जूझ रही कांग्रेस अब कपोल-कल्पित व स्क्रिप्टेड आरोपों के जरिए अपनी सियासी हैसियत को जिंदा रखने की नाकाम कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना से कांग्रेस का असली चेहरा और कांग्रेस के चमचों की गुंडागर्दी उजागर हुई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती बघेल ने कहा कि मंत्री श्री कश्यप के कार्यालय और सुरक्षा कर्मियों पर जिस प्रकार की पत्थरबाजी हुई है और उससे एक महिला पुलिस कर्मी सिर भी फूटा है। महिलाओं के नाम पर बड़ी-बड़ी डींगें हाँकने वाले कांग्रेसियों ने एक महिला कर्मी तक को घायल करके अपने महिला विरोधी चरित्र का परिचय दिया है। उन्होंने कटाक्ष किया कि प्रियंका वाड्रा से लेकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल, दीपक बैज, डॉ. चरणदास महंत तक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चमचा, स्लीपर सेल, सत्ता-सुखभोगी तो बताया पर कांग्रेस के लोग किस स्तर के उत्पाती और उपद्रवी हैं, यह इस घटना ने बता दिया है। कांग्रेस तोड़फोड़ का यह जो रास्ता अपना रही है, उससे खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे कहावत चरितार्थ हो रही है। लगातार हो रही अपनी हार से कांग्रेस की बौखलाहट सामने आ रही है। इससे कांग्रेस की दोहरी राजनीति सामने आई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती बघेल ने कहा कि मंत्री श्री कश्यप जनता के प्रिय नेता है। उनकी छवि को खराब करने के लिए यह पूरा प्लान बनाया गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार बस्तर को जिस तेजी और सख्ती के साथ नक्सल मुक्त कर रही है, नियद नेल्लानार को कामयाब किया है, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, आदि के क्षेत्र में कार्य करती जा रही है, इसी की बौखलाहट है जो कांग्रेसियों ने यह उत्पात मचाया। इससे एक बात और स्पष्ट हो रही है कि कांग्रेस हर स्तर पर हिंसक गतिविधियों के जरिए अराजकता फैलाने के अपने टूलकिट एजेंडे पर अमल कर रही है।

### उप राष्ट्रपति निर्वाचन में भाजपा सांसदों ने सक्रिय सहभागिता निभाई

**रायपुर, 10 सितंबर.** उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को नई दिल्ली के संसद भवन में मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने मतदान में उत्साह के साथ हिस्सा लेकर उपराष्ट्रपति निर्वाचन में अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान लोकसभा में भाजपा सांसद व मुख्य प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाण्डेय और सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी के साथ ही बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, चिंतामणि महाराज, राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, महेश कश्यप, भोजराज नाग और राज्यसभा सदस्य देवेन्द्रप्रताप सिंह ने मतदान किया। भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने इस चुनाव के लिए महाराष्ट्र के मौजूदा राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन् को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### मुख्यमंत्री ने सी.पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर दी बधाई

**रायपुर, 10 सितंबर.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्री सी.पी. राधाकृष्णन को भारत का उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक प्रभावशाली नेता और कुशल प्रशासक के रूप में श्री राधाकृष्णन जी ने समाज की जड़ों से उठकर राष्ट्र के उच्च संवैधानिक पद तक पहुँचने का गौरव अर्जित किया है। उनका यह सफर लोकतांत्रिक मूल्यों की सशक्त मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्री राधाकृष्णन जी का दूरदर्शी नेतृत्व और गहरा प्रशासनिक अनुभव न्याय, समानता और विकास के मूल्यों को नई ऊँचाइयों पर स्थापित करेगा। वंचित और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के उत्थान के प्रति उनकी निष्ठा सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय प्रगति को और सुदृढ़ बनाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह सफलता श्री राधाकृष्णन जी के विश्वास, कड़ी मेहनत और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है, जो पूरे देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से श्री राधाकृष्णन जी को पुनः शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### 4078 छोटी और 1703 बड़ी गणेश मूर्तियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन

**रायपुर.10 सितंबर।** स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण के दिशा - निर्देश अनुसार रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा महादेवघाट खारून नदी के समीप विसर्जन कुण्ड में इको फ्रेंडली श्रीगणेश उत्सव के अंतर्गत खारून नदी के पास विसर्जन कुण्ड तैयार किया है. जिसमें आज लगातार चैथे दिन दिनांक 9 सितम्बर 2025 को भी सुबह से ही श्रीगणेश भक्तों का संगम बना रहा और आज दिनांक 9 सितम्बर को संध्या साढ़े चार बजे तक श्रीगणेश की 4078 छोटी मूर्तियों और 1703 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन श्रीगणेश के भक्तजन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा - अर्चना करके और विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश से अगले वर्ष जल्दी आने की विनम्र प्रार्थना करते हुए कर चुके है। श्रीगणेश की मूर्तियों का श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जन कुण्ड में विसर्जन का सिलसिला आज दिनांक 9 सितम्बर 2025 को लगातार चैथे दिन जारी रहा और इस हेतु महादेवघाट के समीप नगर निगम रायपुर का विसर्जन कुण्ड प्रथम पूज्य देव श्रीगणपति के भक्तों का संगम बना रहा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में और रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चैबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देश पर रायपुर जिला प्रशासन.

# नक्सल प्रभावित सुरपनगुड़ा में शिक्षा की नई सुबह

**रायपुर, 10 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड से करीब 125 किलोमीटर दूर स्थित घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरे सुरपनगुड़ा गाँव में अब शिक्षा की नई रोशनी फैल रही है। माओवादी प्रभावित इस क्षेत्र में पहले बच्चों की पढ़ाई शिक्षादूतों पर निर्भर थी और शिक्षक की कमी से अभिभावक चिंतित रहते थे। लेकिन अब छत्तीसगढ़ शासन की युक्तिकरण योजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला सुरपनगुड़ा में नियमित शिक्षक की नियुक्ति होने से शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप युक्तिकरण प्रक्रिया ने विद्यालयों में बच्चों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना का रास्ता आसान बना दिया है। इसके बाद अब यहाँ बच्चों को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। विद्यालय में पढ़ाई की निरंतरता बनी है और अभिभावकों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। पहले जहाँ कक्षाएँ तो संचालित होती थीं, पर नियमित शिक्षक न होने से बच्चों का भविष्य अधूरा दिखाई देता था, वहीं अब नई व्यवस्था से पढ़ाई का माहौल सकारात्मक हुआ है। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना से बच्चों को पोषण के साथ शिक्षा का लाभ भी मिल रहा है। अभिभावक अब बच्चों को स्कूल भेजने के लिए उत्साहित हैं और विद्यार्थी भी पढ़ाई में मन लगाकर अपने सपनों को नया आकार दे रहे हैं। युक्तिकरण योजना से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि इसकी पहुँच भी बढ़ी है। सुरपनगुड़ा जैसे दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाना प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि है, जहाँ अब शिक्षक बच्चों को केवल पढ़ा ही नहीं रहे, बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दे रहे हैं।

## कुनकुरी में बनेगा अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



**रायपुर, 10 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व में जशपुर जिले को लगातार विकास की सौगातें मिल रही हैं। खेल प्रतिभाओं को पहचान और बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। जिले के कुनकुरी में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए शासन द्वारा 63 करोड़ 84 लाख 89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह खेल कॉम्प्लेक्स न केवल जशपुर बल्कि पूरे सरगुजा संभाग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधा इस कॉम्प्लेक्स के निर्माण से मिलेगा I ग्रामीण और आदिवासी अंचल के खेल में रुचि रखने वाले युवाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब खिलाड़ियों को बड़े शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण, प्रतियोगिताएं और खेल आयोजन की बेहतर सुविधाएं मिलेगी। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की छुपी हुई खेल प्रतिभाएं निखरकर सामने आएंगी। युवाओं के लिए खेलों में कैरियर और रोजगार की नई संभावनाएं भी खुलेंगी। स्थानीय खेल प्रेमियों और युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि इस कॉम्प्लेक्स के बनने से जशपुर जिले की पहचान खेलों के क्षेत्र में और भी मजबूत होगी।

**ये होंगी विशेष सुविधाएं-** इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को अत्याधुनिक खेल ढांचे और सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इसमें शामिल होंगे—एथलेटिक्स ट्रैक एवं पवेलियन, बास्केटबॉल कोर्ट, कबड्डी और खो-खो के मैदान, आधुनिक स्विमिंग पूल एवं ड्रेस चेंजिंग रूम, वॉलीबॉल ग्राउंड , जंपिंग गेम और खेल उपकरण इन सभी व्यवस्थाओं से खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**जशपुर का खेलों में नया स्वर्णिम अध्याय-** जशपुर जिला पहले से ही अपनी खेल प्रतिभाओं के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। अब इस इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से यह परंपरा और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का यह कदम न केवल खेल प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है, बल्कि यह जशपुर को खेलों की भूमि के रूप में नई पहचान भी दिलाएगा।

## जिला अस्पताल बलौदाबाजार के इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्टैंडर्ड परखने आएगी एनक्यूएएस की टीम

**रायपुर, 11 सितंबर**



जिला अस्पताल बलौदाबाजार में संचालित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब(आईपीएचएल) के स्टैंडर्ड का आकलन एवं परीक्षण करने 11 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन स्टैंडर्ड की विशेषज्ञ टीम आएगी। टीम के आकलन एवं परीक्षण में तय मानकों पर खरा उतरने पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त होगा जो जिला व राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। सर्टिफिकेट प्राप्त होने पर जिला अस्पताल में संचालित आईपीएचएल देश का पहला एनक्यूएएस सर्टिफाइड सरकारी लैब होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला अस्पताल पहुंचकर आईपीएचएल का निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पब्लिक सुविधाओं के साथ ही हाइजिन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बताया गया कि जिला अस्पताल में संचालित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए पहली बार आवेदन किया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मानक पर खरा उतरने सभी सुविधाएं व व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में इस लैब में लगभग 103 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। इसमें हिमेटोलॉज़ी अंतर्गत 16 टेस्ट, क्लिनिकल पैथोलॉजी अंतर्गत 14 टेस्ट, क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री अंतर्गत 30 टेस्ट,सिरोलॉजी अंतर्गत 8 टेस्ट,इम्युनोलॉजी अंतर्गत 28 टेस्ट एवं माइक्रोबायोलॉजी अंतर्गत 7 टेस्ट शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, भारत सरकार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित एक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाना और सुनिश्चित करना है। ये मानक विशिष्ट आवश्यकताओं और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं पर आधारित हैं।प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का कई मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

### आवारा पशुओं को पकड़कर गौठानों में भेजा गया

**रायपुर, 10 सितंबर।** माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशो के अनुरूप नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा प्रतिदिन नियमित अभियान चलाकर सभी जोन क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य मार्गों में मानिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठानों में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही तेज गति से सतत निरंतर प्रगति पर है।इस क्रम में आज दिनांक 9 सितम्बर 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा 20 आवारा पशुओं की विभिन्न सड़क मार्गो से धरपकड़ कर उन्हें काऊकैचर वाहन की सहायता से गौठानों में भेजा गया।

## जीएसटी सुधार से आमजन, व्यापारी व किसानों को मिलेगा सीधा लाभ : किरण देव

**रायपुर/जगदलपुर, 10 सितंबर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके रेट को कम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय जगदलपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था अब जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएँ, ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। इसका लाभ वस्त्र उद्योग को, विशेष रूप से निर्यात के लिए, होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी, विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। ऑटोमोटिव में स्पष्ट वर्गीकरण से विवाद कम होंगे तथा विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि को समर्थन मिलेगा। नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कहा कि यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा और यह किसान के लिए कम लागत के साथ सक्षम कृषि में सहायक होगी। इसके अलावा अपवाद के रूप में जहां स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर आरोपित किया गया है। भाजपाध्यक्ष श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ की आबादी देश की जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम है लेकिन इस मद में हमें 41 प्रतिशत का 3.407 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इस वृद्धि के कारण पिछले 10-11 वर्ष में हमें एक लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त मिले हैं। देश को विकसित बनाने के इस यज्ञ में विपक्ष द्वारा दोहरी राजनीति करना दुखद है। विपक्ष द्वारा किया जा रहा दुष्प्रचार निहायत ही बचकाना और झूठ है। इस सुधार की शुरुआत आज से डेढ़ वर्ष पहले ही हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार करने का आश्वासन दिया था और मात्र बीस दिन के भीतर ही जीएसटी काउंसिल ने इस सुधार को मंजूरी दे दी। जीएसटी दर में कमी से जनता की जेब में पैसा जाएगा, खरीदी क्षमता बढ़ेगी, देश विकसित होने की दिशा में बढ़ेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एजेंडे चुनावी और राजनीतिक एजेंडे से बड़े होते हैं। वह राष्ट्र हित में बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखते हैं। कोई भी फैसला होता है तो उसमें टैक्स का बेस बढ़ता है।

टैक्स का पैसा या तो सरकार की जेब में जाता है या फिर जनता की जेब में जाता है। सरकार अब अपने जेब में न लेकर जीएसटी में बदलाव करके जनता की जेब में पैसा डाल रही है। जनता की जेब में पैसा जाने से उनकी खरीदी करने की क्षमता बढ़ती है। श्री देव ने कहा कि पहले टैक्स पर टैक्स लगता था। जीएसटी में एक देश एक कर प्रणाली लाने का काम किया गया।

# अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना से निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए खुला बेहतर शिक्षा का रास्ता : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 10 सितंबर**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक बच्चों के लिए संचालित "अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना" का शुभारंभ किया। उन्होंने चयनित बच्चों का सम्मान करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना से निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ है। श्री साय ने घोषणा की कि अगले शैक्षणिक सत्र से इस योजना का लाभ 200 बच्चों को मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रमिक अनेक समाज के हित के लिए कार्य करता है, परंतु अपने परिवार के लिए बहुत कम समय, संसाधन, ऊर्जा और ध्यान दे पाता है। उनके भी सपने होते हैं कि उनके घर के बच्चे पढ़-लिखकर बेहतर जीवन जिएँ, ताकि भविष्य में मजदूर का बेटा-बेटी केवल मजदूरी न करे, बल्कि समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील और राजनेता बने।इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अंतर्गत श्रमिक बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ में "अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना" प्रारंभ की है। इसके तहत प्रदेश के श्रमिकों के बच्चों को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त होगी। इनका पूरा खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से कार्यक्रम के दौरान निर्माण श्रमिकों एवं उनके बच्चों ने मिलकर योजना का शुभारंभ पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना से अब हम अपने बच्चों के भविष्य को लेकर निश्चिंत हो गए हैं। इस




योजना के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा और भविष्य सँवारने का सुनहरा अवसर मिल गया है। हमारे लिए यह एक सपना था, जो अब पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिकों से चर्चा करते हुए कहा कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। योजना के तहत चालू वर्ष में 100 निर्माण श्रमिकों के बच्चों को 14 निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इन विद्यालयों में सीबीएसई और आईसीएसई पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई कराई जाएगी। श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज श्रम विभाग के सहयोग से श्रमिक परिवारों के 100 बच्चों का दाखिला प्रदेश के 14 निजी आवासीय विद्यालयों में कराया गया है। सरकार की सोच है कि श्रमिक का बच्चा केवल श्रमिक न रहकर अधिकारी बने और देश की सेवा करे। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना भी संचालित की जा रही है, जिसके निश्चित ही दूरगामी परिणाम सामने आएँगे। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि श्रम विभाग के अंतर्गत तीन मंडल संचालित हैं, जिनमें लगभग 70 से अधिक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा पिछले 20 माह में लगभग 600 करोड़ रुपये का लाभ श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से पहुँचाया गया है। उन्होंने योजना के तहत चयनित बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी के संकल्पों को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सुशासन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। राज्य में लगभग 30 लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिक हैं, जिनके बच्चे अच्छे विद्यालयों में नहीं पढ़ पाते थे। उनके लिए "अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना" किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से श्रमिकों के बच्चों को बेहतर विद्यालयों में पढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने चयनित बच्चों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर श्रम विभाग के सचिव श्री हिम शिखर गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया।

**एक नजर**

## विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान



**नई दिल्ली, 10 सितंबर।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टीम की कप्तानी सोफी डिवाइन को सौंपी गई है।

न्यूजीलैंड टीम ने साल 2024 में हुए विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम में 22 साल की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज फ्लोरा डेवोनशायर को शामिल किया गया है। फ्लोरा ने अब तक वनडे डेब्यू नहीं किया है।

कीवी टीम की टी-20 वर्ल्ड कप विजेता स्क्वॉड का हिस्सा रहीं फ्रेन जोंस को टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा पॉली इंग्लिस, बेला जेम्स और ब्री इलिंग तीन ऐसी खिलाड़ी हैं जिनको अभी वनडे फॉर्मेट में खेलने का ज्यादा अनुभव हासिल नहीं है।

टीम के हेड कोच बेन सॉयर ने फ्लोरा को नहीं चुने जाने को लेकर कहा, जब आपके पास एक ही स्थान के लिए कई प्लेयर्स का ऑप्शन मौजूद हो तो ऐसे में आपके लिए फैसला लेना आसान नहीं होता है और हमें चयन के दौरान कुछ कठिन फैसले लेने पड़ते हैं। ऐसा ही कुछ हमें फ्लोरा और फ्रेन के बीच देखने को मिला।

# एशिया कप में आज भारत का पहला मैच यूएई से

## क्या संजू सैमसन को मिलेगा प्लेइंग-11 में मौका

**दुबई, 10 सितंबर।** एक महीना पांच दिन के ब्रेक के बाद भारतीय क्रिकेट टीम आज एक्शन में होगी। भारत ने 4 अगस्त को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है।

इस बार फॉर्मेट टी-20 का है और मंच है एशिया कप। टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला दुबई में यूएई से होगा। मैच भारतीय टाइमिंग के हिसाब से रात 8 बजे शुरू होगा। भारत और यूएई दोनों ही ग्रुप ए में हैं। पाकिस्तान और ओमान की टीमें भी इसी ग्रुप में हैं। ग्रुप की सभी टीमों को आपस में एक-एक मैच खेलना है। टॉप-2 टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी।

भारतीय टीम के सामने इस समय सबसे बड़ा सवाल ओपनिंग जोड़ी को लेकर है। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन पिछले साल जून में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से भारतीय टी-20 टीम के ओपनर्स रहे हैं। हालांकि, एशिया कप स्क्वॉड में शुभमन गिल को भी शामिल किया गया है। अभिषेक शर्मा का ओपनिंग करना तय है। वे अपने करियर में इसी पोजिशन पर खेलते रहे हैं। अब अभिषेक के साथ संजू ओपनिंग करेंगे या गिल यह फैसला टीम मैनेजमेंट को लेना है। अगर




अभिषेक और गिल ओपनिंग करते हैं तो संजू नंबर-3 पर खेल सकते हैं। इस स्थिति में तिलक वर्मा को बाहर बैठना होगा। नंबर-4 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव खेल सकते हैं।

ओपनिंग के अलावा भारत के सामने दूसरा बड़ा सवाल विकेटकीपिंग को लेकर है। संजू खेलते हैं तो वही विकेटकीपिंग करेंगे। अगर संजू बाहर रहते हैं तो जितेश शर्मा विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। दो ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल का प्लेइंग-11 में शामिल होना पक्का माना जा रहा है।

भारतीय टीम ने अब तक जिस तरह प्रैक्टिस की है उससे संकेत यही मिल रहा है कि प्लेइंग-11 में तीन स्पिनर जरूर शामिल होंगे। एक स्पिनर तो अक्षर पटेल होंगे। उनके साथ कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को भी मौका मिल सकता है। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह का खेलना तय माना जा रहा है। उनके साथ हर्षित राणा को मौका मिल सकता है।

**भारत ने जीता है यूएई के खिलाफ इकलौता मुकाबला**

टी-20 फॉर्मेट में इससे पहले सिर्फएक बार भारत और यूएई की भिड़ंत हुई है। 2016 एशिया कप में हुई भिड़ंत में भारत ने 9 विकेट से जीत हासिल की थी। तीन बार दोनों टीमें वनडे फॉर्मेट में आमने-सामने हो चुकी है। तीनों बार भारत ने जीत हासिल की।

यूएई के कोच भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिता चुके

यूएई के कोच लालचंद राजपूत हैं। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम 2007 का टी-20 वर्ल्ड कप जीत चुकी है। 2007 में वनडे वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद ग्रेग चैपल ने भारतीय टीम की कोचिंग छोड़ दी थी। उसी साल खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के लिए लालचंद राजपूत को कोचिंग का जिम्मेदारी दी गई। भारत ने तब फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11**

भारतः अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

यूएई : मोहम्मद वसीम (कप्तान), आलिशान शराफू राहुल चोपड़ा, आसिफ खान, मोहम्मद फारूक, हर्षित कौशिक, मोहम्मद जोहेब, मोहम्मद जवादुल्लाह, हैदर अली, जुनैद सिद्दिकी, मोहम्मद रोहिद।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप निखत जरीन क्वार्टर फाइनल में

### मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश भी टॉप-8 में पहुंचे



**नई दिल्ली, 10 सितंबर।** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की युमा निशिनाका को 5:0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। निखत के अलावा मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश जामवाल भी क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

29 साल निखत के लिए यह इस साल का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। पहले राउंड में जापानी खिलाड़ी ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन निखत ने अपनी लय बनाए रखी और जीत हासिल की। मैच के दौरान युमा ने निखत के रिदम को तोड़ने के लिए अत्यधिक क्लिंचिंग (गले लगाकर रुकने) की कोशिश की, जिसके कारण उन्हें दो पेनल्टी पॉइंट्स का नुकसान हुआ। निखत ने जापानी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और सर्वसम्मति से जीत हासिल की।

निखत के अलावा अन्य भारतीय बॉक्सरों ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने चीन की वांग क्यूपिंग को 5-0 से हराया। जबकि जदुमणि (57 किग्रा) ने इंग्लैंड की रीडशॉ रीस को 5-0 से पराजित किया। वहीं, अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने डोमिनिकन गणराज्य के पीटर यनोआ फर्नांडो डी जीसस को 5-0 से मात देकर अगले दौर में जगह पक्की की।

## पृथ्वी शॉ की बढ़ी मुश्किलें, अदालत ने लगाया जुर्माना

### सेल्फी लेने को लेकर हुई थी बहस

**नई दिल्ली, 10 सितंबर।** भारतीय टीम से पिछले काफी समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ अपने खेल ज्यादा किसी और कारण से चर्चा में बने रहते हैं, जिसमें अब मुंबई की डिंडोशी सेशंस कोर्ट ने उन्हें जवाब ना दाखिल करने के मामले में 100 रुपए का जुर्माना लगाया है, जिसमें ये कार्रवाई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना गिल की अर्जी पर हुई सुनवाई के दौरान हुई। फरवरी 2023 में अंधेरी के एक पब में सपना गिल और पृथ्वी शॉ के बीच विवाद हुआ था, जिसमें गिल ने पृथ्वी शॉ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था।



पृथ्वी शॉ द्वारा इस मामले में लगातार जवाब ना दाखिल करने पर मुंबई की डिंडोशी सेशंस कोर्ट ने नाराजगी जताने के साथ उनपर जुर्माना लगाया है, जिसमें शॉ को अदालत की तरफ से फरवरी से लेकर जून तक का समय दिया गया था। अदालत की तरफ से 13 जून को पृथ्वी शॉ को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया गया था, लेकिन उनकी तरफसे कोई भी जवाब नहीं आया था। इसके बाद 9 सितंबर को कोर्ट की तरफसे शॉ पर 100 रुपए का जुर्माना लगाए जाने के साथ उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया गया है, जिसमें इस मामले की सुनवाई 16 दिसंबर तक स्थगित कर दिया गया है। पूरा मामला फरवरी 2023 का है, जब मुंबई के अंधेरी इलाके के एक पब में पृथ्वी शॉ और सपना गिल के बीच विवाद हुआ था।

फरवरी 2023 में मुंबई के एक होटल में पृथ्वी शॉ और सपना गिल के बीच सेल्फी लेने को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद शॉ पर हुए हमले के मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था जो अभी जमानत पर बाहर हैं। वहीं इस घटना का वीडियो काफी वायरल भी हुआ था।

इस घटना के बाद सपना गिल ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ जिसके बाद उन्होंने मजिस्ट्रेट कोर्ट का रुख किया था।

## पीवी सिंधु हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से हुई बाहर

### डेनमार्क की खिलाड़ी ने दी करारी मात

**हांगकांग, 10 सितंबर।** हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु की शुरुआत काफी खराब देखने को मिली, जिसमें उनका सफर पहले ही दौर पर खत्म हो गया। हांगकांग ओपन में भारतीय महिला टीम का राउंड 32 में पहला मुकाबला डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से हुआ जिसमें तीन सेटों तक चले इस मैच में सिंधु को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु के लिए ये हार किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

पीवी सिंधु ने डेनमार्क की खिलाड़ी लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ महिला सिंगल्स मैच में शुरुआत काफी अच्छी की जिसमें वह पहले सेट को 21-15 के अंतर से अपने नाम करने में कामयाब रही। इसके बाद दूसरे सेट में डेनमार्क की




खिलाड़ी ने शानदार वापसी करने के साथ सिंधु को 16-21 के अंतर से मात दी और मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। वहीं इस मुकाबले के तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों प्लेयर्स के बीच काफी कड़ी टक्कर देखने को मिली और इसमें सिंधु को क्रिस्टोफरसन के खिलाफ19-21 के अंतर से हार मिली और वह हांगकांग ओपन टूर्नामेंट में पहले ही दौर से बाहर हो गई। इससे पहले दोनों प्लेयर्स के बीच कुल तीन मुकाबले खेले गए थे, जिसमें तीनों में पीवी सिंधु जीत हासिल करने में कामयाब रही थी। भारत की तरफसे पीवी सिंधु के अलावा हांगकांग ओपन में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय और किरन जॉर्ज भी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें तीनों का राउंड ऑफ 32 में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने अगले राउंड के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। इसके अलावा डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने भी पहले राउंड में जीत हासिल करने के साथ अंतिम 16 में अपनी जगह को बना ली है।

**व्यापार**

## एक शेयर ने मार्केट में मचाया धमाल

**नई दिल्ली, 10 सितंबर।** अमेरिकी शेयर मार्केट में कई गजब के स्टॉक हैं, जिनमें पैसे लगाने वाले एक झटके में अमीर बन गए। वहीं, मार्किट में एक शेयर ने झटके से निवेशकों को अमीर बना दिया। ई-कॉमर्स और पैकेजिंग कंपनी एटको होल्डिंग्स का शेयर एक ही दिन में 3000त्न उछल गया। पैकेजिंग कंपनी का ये स्टॉक 18.86 डॉलर पर ओपन होने के बाद 83.12 डॉलर तक चढ़ गया था, हालांकि कारोबार खत्म होते-होते इसकी रफ्तार धीमी पड़ी। लेकिन फिर भी ये 3008.97त्न की उछाल के साथ 45.08 डॉलर पर क्लोज हुआ। खास बात ये है कि बीते साल 2024 से ही महज 1-2 डॉलर के प्राइस रेंज में कारोबार कर रहा था और बीते सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 5 सितंबर को एक शेयर की कीमत 1.43 डॉलर थी, लेकिन सोमवार को जब अमेरिकी शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत हुई, तो ये अचानक जोरदार तेजी के साथ 18 डॉलर के पार खुला और 83.12 डॉलर का अपना लाइफ टाइम हाई लेवल छू लिया।

# दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती का पूरा फायदा मिलेगा ग्राहकों को

## यामाहा से लेकर टीवीएस ने घटाए दाम

**नई दिल्ली, 10 सितंबर ।** यामाहा मोटर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 22 सितंबर से दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर में की गई हालिया कटौती का पूरा लाभ अपने ग्राहकों को देगी। इसके साथ ही टीवीएस, बजाज ऑटो और रॉयल एनफील्ड जैसी अन्य प्रमुख दोपहिया वाहन कंपनियां भी जीएसटी कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को ट्रांसफर करने का ऐलान कर चुकी हैं। जीएसटी परिषद ने अपनी 56वीं बैठक में इंजन वाले दोपहिया वाहनों पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी थी। इस फैसले से त्योहारी सीजन से पहले मोटरसाइकिल और स्कूटर अधिक किफायती होने की उम्मीद है, जिससे मांग में तेजी आएगी। इंडिया यामाहा मोटर ने कहा कि उसके इस फैसले से आर15,



एमटी15, एफजी सीरीज, एरॉक्स 155, रेजेडआर और फैसिनो सहित मॉडलों की कीमतों में 17,500 रुपए तक की कटौती की जाएगी। चेयरमैन इटारू ओटानी ने समय पर जीएसटी में की गई कटौती के लिए सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि यामाहा ग्राहकों को पूरा लाभ पहुंचाने से खुश है। टीवीएस मोटर कंपनी की ओर से भी अपाचे, रोनिन, रेडर और स्पोर्ट जैसी सभी लोकप्रिय मोटरसाइकिलों के साथ-साथ एनटॉर्क, जुपिटर और जेस्ट जैसे स्कूटर की कीमतों में कटौती का ऐलान किया गया है। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी, जिस दिन जीएसटी लागू हो रहा है। हालांकि, आईक्यूब, ऑर्बिटर और टीवीएस एक्स सहित इसके इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी दरें समान हैं। बजाज ऑटो ने घोषणा की है कि उसके दोपहिया वाहनों की कीमतों में 20,000 रुपए तक की कटौती होगी, जबकि तिपहिया वाहन 24,000 रुपए तक सस्ते हो जाएंगे। कंपनी ने कहा कि सुधारों के लागू होने के बाद बजाज और केटीएम के सभी मॉडल संशोधित कीमतों के साथ उपलब्ध होंगे। इस बीच, रॉयल एनफील्ड ने कहा कि 350 सीसी से कम क्षमता वाली बाइक्स, जैसे क्लासिक 350, बुलेट 350, मेटियोर 350, हंटर 350 और गोअन क्लासिक 350, अब कम जीएसटी के कारण ज्यादा अफोर्डेबल होंगी।

## यूरोपीय संघ ने निर्यात के लिए 102 नए भारतीय मत्स्य प्रतिष्ठानों को सूचीबद्ध किया

**नई दिल्ली, 10 सितंबर ।** भारत के समुद्री खाद्य उद्योग के लिए यूरोप से एक अच्छी खबर आई। यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत से सदस्य देशों को निर्यात के लिए 102 नए भारतीय मत्स्य प्रतिष्ठानों को सूचीबद्ध किया है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह महत्वपूर्ण विस्तार भारत की खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों में वैश्विक स्तर पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है और यह भारतीय समुद्री खाद्य उत्पादों, विशेष रूप से जलीय कृषि झींगा और सेफेलोपोड्स (स्क्विड, कटल फिश और ऑक्टोपस) के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यूरोपीय संघ ने यह निर्णय नई दिल्ली में हुई कई बैठकों के बाद लिया है, जिनमें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था, जिसके परिणामस्वरूप निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) द्वारा लागू किए गए भारत के नियंत्रण तंत्र पर विश्वास बढ़ा है।

भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात कड़े अंतरराष्ट्रीय मानकों, विशेष रूप से यूरोपीय संघ द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करता है। यह खाद्य सुरक्षा, ट्रेसेबिलिटी और यूरोपीय संघ के नियमों के अनुपालन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और उच्च गुणवत्ता वाले समुद्री खाद्य के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। इससे निर्यात मात्रा में वृद्धि, रोजगार सृजन और विदेशी मुद्रा आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा, इस डेवलपमेंट से यूरोपीय संघ को भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में मजबूत वृद्धि होने की उम्मीद है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे आकर्षक और गुणवत्ता-संवेदनशील बाजारों में से एक है।

## एआईएनयू ने बंजारा हिल्स, हैदराबाद में अपने फ्लैगशिप हॉस्पिटल का उद्घाटन किया

**हैदराबाद, 10 सितंबर।** यूरो-नेफ्रो केयर पर केंद्रित भारत की सबसे बड़ी सिंगल स्पेशियल्टी चेन, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी (एआईएनयू) ने बंजारा हिल्स हैदराबाद में अपना फ्लैगशिप हॉस्पिटल शुरू किया है। इस फ्लैगशिप हॉस्पिटल में संयुक्त रूप से 150 बेड, 4 ऑपरेटिंग रूम्स, 35 डायलिसिस बेड और कॉम्प्लेक्स यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी सर्जरी के लिए नई जनरेशन की रोबोटिक टेक्नोलॉजी की सुविधा है। इसलिए यह भारत में इस सिंगल स्पेशियल्टी वाले सबसे बड़े कॉर्पोरेट हॉस्पिटल्स में से एक बन गया है।

## 23 से शुरू होगा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल

**नई दिल्ली, 10 सितम्बर।** अमेज़न ने आज घोषणा की कि अमेज़न ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल 23 सितम्बर से शुरू होगा। प्राइम मेंबर्स को इस शॉपिंग एक्स्ट्रावैगेंज़ा का 24 घंटे पहले एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। जैसे-जैसे भारत त्योहारी सीज़न की तैयारी कर रहा है, ग्राहक सबसे व्यापक चयन, बेहतरीन कीमतों और सबसे तेज़ डिलीवरी का आनंद ले पाएंगे। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम एसेंशियल्स, किराना सामान और अन्य सभी लोकप्रिय कैटेगरी में आकर्षक डील्स, शानदार शॉपिंग अनुभव, एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड एवं ईएमआई ट्रांज़ैक्शन पर 10 प्र. इंस्टेंट डिस्काउंट, अग्रणी बैंकों के रोमांचक ऑफ़र और अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त कैशबैक के साथ यह अमेज़न ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल हर किसी के लिए कुछ खास लेकर आ रहा है।

## एचडीएफसी बैंक ने फेस्टिव ट्रीट्स 2025 किया लांच

**मुंबई, 10 सितंबर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपने वार्षिक फेस्टिव ट्रीट्स 2025 अभियान की शुरुआत की घोषणा की है, जो देश में शॉपिंग सीज़न की शुरुआत का आधार तैयार करता है। यह अखिल भारतीय बोनान्ज़ा कार्ड, लोन, पेज़ैप और ईज़ीईएमआई पर 10,000 से ज़्यादा ऑफ़र लेकर आ रहा है, जिससे ग्राहकों के लिए त्योहारी खरीदारी ज़्यादा किफ़ायती और फ़ायदेमंद हो गई है। बैंक के पास एक्सप्रेस पर्सनल लोन, बिजनेस लोन, कार लोन, टू-व्हीलर लोन, होम लोन, गोल्ड लोन, एग्री लोन, कमर्शियल व्हीकल्स, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, सेविंग अकाउंट, पेजैप, सिक्योरिटीज पर लोन, प्रॉपर्टी पर लोन जैसे कई उत्पादों पर कई ऑफ़र हैं।

**MICRO & SMALL ENTERPRISES FACILITATION COUNCIL, C.G.**
**(Estd. Under MSMED Act 2006)**
**Directorate of Industries, Chhattisgarh**
**Udyog Bhawan, Ring Road, No.1, Telebandha, Raipur (C.G.)**
**Email : facilitation-council@cg.gov.in**
**Application No.- CG/14/5/CGH/00535** **Raipur 09/09/25**
**Speed Post**

**NOTICE**

Supplier/Applicant:-
SANGAM ISPAT (INDIA) PRIVATE LIMITED
205, Main Road Samta Colony Opp. Shikarpuri
Panchayat Bhawan Block-Dharsiwa,
Distt- Raipur (C.G,) 492002
**V/s**
Buyer/Non-Applicant:-
PARAMJEET SINGH
Prop. of MANMEET INDUSTRIES
Siltara Industrial Area, Raipur (C.G.) 493221

The applicant has supplied/provided material/services to Non-applicant whereas Non-applicant has not paid the balance amount of Rs.5,14,666/-. The applicant has submitted application/reference under section 18(1) of the MSMED Act, 2006 before Micro and Small Enterprises Facilitation Council, Chhattisgarh. The Case is fixed for 26/09/25 at 11:00 am, Directorate of Industries, Udyog Bliawan, Ring Road No. 01, Telibandha, Raipur (C.G.) for hearing. The Non-applicant is hereby intimated to appear on said date for hearing along with neccesarry documents/reply. If Non-applicant fails to appear before council on said date for hearing, the council may pass ex-parse award/order for which the Non-applicant would be responsible himself.

**Assist. Director of Industries**
**MSEFC**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रं./31/न.पा.नि./जलप्रदाय शाखा/2025-26 बीरगांव, दिनांक 09/09/2025

**वार्षिक निविदा 2025-26 मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण**

निकाय की जलप्रदाय शाखा में निम्नानुसार कार्य हेतु पात्र फर्मों से मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री डॉक से आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 24.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 25.09.2025 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 03.10.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 03.10.2025 सायं 4.00 बजे।

| कार्य समूह क्रं. | कार्य का नाम | अनु. लागत लाख रू. |
|---|---|---|
| 1 | नलकूप में गिरे फंसे पम्प/पाईप/रॉड निकालने तथा नलकूप सफाई कार्य (लेबर वर्क) उरला, अछोली एवं रांवांभांठा | 8.50 |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 29.09.2025, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र./निविदा सूचना क्र./दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 174854 नि.सू.क्र. 04/वलेलि /2025-26 दिनांकः 08.09.2025 | रायपुर जिले के विकासखण्ड अभनपुर की अभनपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना के 12 नग 200 एच.पी. मोटर सेट, 03 सेट कंट्रोल पैनल बोर्ड, 12 सेट कैपेसिटर, 12 सेट स्टार्टर, 12 सेट रिफ्लेक्स वाल्व, 12 सेट स्लूस वाल्व, 12 सेट स्प्रींग लोडेड वाल्व, 450 मी. डिलीवरी पाईप, 03 कोर 400 स्वायर एम.एम. केबल 150 मी. आदि कार्य। | रू. 614.30 लाख |

शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 15.09.2025, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022)

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

जी-252603365/7

## एक नजर

### नकली सोना के बदले असली लेकर फरार महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 10 सितम्बर।** सदरबाजार स्थित धाड़ीवाल ज्वेलर्स से अज्ञात महिला ने नकली सोना के बदले असली सोने के जेवर लेकर धोखाधड़ी की। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सालिभद्र धाड़ीवाल 60 वर्ष पाम रेसीडेंसी कटोरातालाब सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी का सदर बाजार में धाड़ीवाल ज्वेलर्स नाम से शॉप है। बताया जाता है कि प्रार्थी के शॉप में अज्ञात महिला आई और नकली सोने के ब्रेसलेट को बदलकर असली सोने की चैन ले गई। जिससे प्रार्थी को 1 लाख 68 हजार रुपए का नुकसान हुआ। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 10 सितम्बर।** मौदहापारा और गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध चाकू के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने शारदा चौक के पास चाकू लहराते आरोपी दीपक देवरे 26 वर्ष और कौशल ध्रुव 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से चाकू जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने गोपाल नगर रामगनगर में दबिश देकर चाकू लहराते आरोपी घनश्याम साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से भी चाकू जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### राममंदिर शांति नगर में भंडारे का आयोजन होगा 1 अक्टूबर

**रायपुर, 10 सितम्बर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के शुभ अवसर पर नियमानुसार परंपरानुसार राम मंदिर शांति नगर में जहां माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा 22 सितंबर को होगी। मंदिर के पुजारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष भी अष्टमी नवमीं के अवसर पर 51 कन्याओं सहित महाभंडारे का आयोजन किया गया है। महाभंडारा दोपहर 1 बजे से शाम पांच बजे तक रखा गया है।

### गणेश विसर्जन के दौरान पुलिस ने किया 111 बदमाशों को गिरफ्तार

**रायपुर, 10 सितम्बर।** गणेश विसर्जन झांकी के दौरान रायपुर पुलिस ने अपराधियों, गुंडों, असामाजिक तत्वों और संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। 8-9 सितंबर 2025 की दरमियानी रात को आयोजित इस झांकी में पुलिस की सक्रियता और मुस्तैदी के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस ने 111 से अधिक बदमाशों, संदिग्धों और अपराधिक तत्वों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, चोरी, और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की। इस दौरान दर्जनभर चाकू, कैंची और लगभग 20 किलोग्राम वजनी कड़े जब्त किए गए। पुलिस महानिरीक्षक (रायपुर रेंज) अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस ने गणेश विसर्जन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए कड़े कदम उठाए। पुलिस ने झांकी के दौरान अवैध हथियारों के साथ घूम रहे 10 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से चाकू और कैंची बरामद किए गए। थाना मौदहापारा में एक आरोपी को चोरी के आरोप में पकड़ा गया। इसके अलावा, भीड़ में कुछ शरारती तत्वों द्वारा पहने गए वजनी कड़ों से लोगों को चोट पहुंचाने की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने हजारों लोगों की तलाशी ली और करीब 20 किलोग्राम कड़े जब्त किए।

### एम्स में मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा

**रायपुर, 10 सितम्बर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के नेत्र रोग विभाग ने नेत्रदान पखवाड़ा 2025 के अवसर पर कई सार्थक कार्यक्रम आयोजित किए। इन आयोजनों का उद्देश्य समाज में नेत्रदान के महत्व को रेखांकित करना और नेत्रदाता परिवारों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना रहा। पखवाड़े की शुरुआत विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए नारा एवं पोस्टर प्रतियोगिता से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने रचनात्मक ढंग से नेत्रदान का प्रेरक संदेश दिया। इसी क्रम में एक विशेष रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को कॉर्नियल अंधत्व से लड़ने के लिए नेत्रदान की आवश्यकता पर जागरूक किया गया। एम्स रायपुर परिसर में आयोजित नेत्रदाता परिवार सम्मान समारोह कार्यक्रम का भावनात्मक केंद्र रहा। जिन परिवारों ने नेत्रदान का संकल्प लिया था या अपने प्रियजनों की आंखें दान की थीं, उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने नेत्रदाता परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए प्रतीक-चिह्न भेंट किए।

# पीसीसी चीफ दीपक बैज के घर में घुसा संदिग्ध

## कांग्रेस ने रेकी करने का लगाया आरोप, प्रभारी महामंत्री ने की पुलिस से शिकायत

**रायपुर, 10 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ (पीसीसी) चीफ दीपक बैज के घर में मंगलवार देर रात एक अंजान व्यक्ति के घुसने की घटना सामने आई। बताया जा रहा है कि शख्स को पुलिस ने पहले रोकने की कोशिश की, लेकिन वह जबरन घर के भीतर घुस गया। इस घटना ने बैज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

दीपक बैज इस समय जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त नेताओं में शामिल हैं। ऐसे में किसी भी अंजान व्यक्ति का उनके घर तक पहुंच जाना और सुरक्षा घेरा तोड़ देना सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी चूक मानी जा रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने





खुद घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कि संदिग्ध क्या करना चाहता था? क्या वह मेरे घर की रेकी करने आया था? और अगर ऐसा है तो आखिर किसे सूचना देने की कोशिश कर रहा था?

**ये सुनियोजित साजिश:** बैज ने आशंका जताई कि यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश हो सकती है। उनका कहना है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि मेरी सुरक्षा व्यवस्था को नेस्तनाबूत करने की तैयारी की जा रही हो, ताकि कोई भी घर में घुसकर तोड़फोड़ कर सके।

**पुलिस भी रेकी करने का आरोप लगा चुके बैज:** गौरतलब है कि इससे पहले दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा भी बैज के निवास और कार्यक्रमों की रेकी की खबरें सामने आ चुकी थीं। इस कड़ी में अब यह घटना जुड़ने से सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार घबराई हुई है, इसलिए अंजान लोगों से इस तरह की हरकतें करवाई जा रही हैं।



रेकी के आरोप में पकड़ा गया युवक

**प्रभारी महामंत्री ने की गंज पुलिस में की शिकायत**

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने गंज पुलिस में मामले की शिकायत की है। उन्होंने मामले की जांच करने और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफएफआईआर दर्ज करने की अपील की है।

कांग्रेस का सवाल है कि जब जेड-प्लस सुरक्षा में रह रहे नेता के घर में कोई शख्स घुस सकता है, तो आम लोगों की सुरक्षा का क्या होगा? क्या यह सरकार की विफलता नहीं है? विपक्ष का आरोप है कि सरकार जानबूझकर पीसीसी चीफ की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

# थाने के बाहर महिला ने लगाई आग

## चीखते-चिल्लाते दौड़कर अंदर घुसी, पुलिसकर्मियों ने बुझाई आग

■ पति-पत्नी विवाद, काउंसलिंग के लिए पहुंची थी महिला

**रायपुर, 10 सितम्बर।** राजधानी रायपुर के महिला थाना परिसर में एक महिला ने खुद को आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह चीखते-चिल्लाते हुए दौड़कर थाने के अंदर घुस गई। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह महिला के ऊपर कपड़े और पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। महिला गंभीर रूप से झुलस गई है। पति-पत्नी के आपसी विवाद के बाद महिला काउंसलिंग के लिए थाने पहुंची थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला के शरीर के कुछ कपड़े आग की चपेट में आकर जल गए हैं। वहीं, शरीर का कुछ हिस्सा भी आग में जख्मी हो गया है। इसके बाद तत्काल महिला को डीकेएस अस्पताल ले जाया गया है। जहां महिला का इलाज जारी है।

**महिला से पूछताछ जारी:** फिलहाल महिला ने किस ज्वलनशील पदार्थ से आग लगाई है। यह साफ नहीं हो पाया है। वहीं, महिला का अपने पति के साथ क्या विवाद था। यह भी अब तक साफनहीं हो पाया। इस मामले में पुलिस महिला के परिवार वालों से पूछताछ कर रही है।






**जानिए क्या है पूरा मामला**

जानकारी के मुताबिक, पति-पत्नी के आपसी विवाद के बाद महिला वर्षा गोस्वामी काउंसलिंग में महिला थाने पहुंची थी। दोपहर 12-12.30 बजे महिला बाहर बैठी हुई थी, तभी उसने अचानक खुद पर आग लगा ली और महिला थाने के अंदर घुस गई। थाने में मौजूद स्टाफ से महिला को चीखते चिल्लाते हुए देखा तो वह तत्काल उसकी तरफ भागे। उन्होंने पानी डालकर आग को बुझाई।

# 7 करोड़ का सोना मात्र 2000 लेकर छोड़ा, 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड

■ महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश होते जंगल के रास्ते कार से लेकर आ रहे थे 10 किलो सोना, खैरागढ़ में टीआई-एसआई समेत तीन पर कार्रवाई

**रायपुर, 10 सितम्बर।** खैरागढ़ जिले के गातापार में पुलिस चेकिंग पॉइंट पर कार से 7 करोड़ 20 लाख रुपए का सोना जब्त किया गया। लेकिन पुलिसकर्मियों ने कमीशन लेकर छोड़ दिया। अब एसपी ने टीआई, एसआई समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की रात गातापार में वाहन जांच के दौरान मध्यप्रदेश से आ रही एक कार को रोका गया। कार की सीट से करीब 10 किलो कच्चा सोना मिला। कार में सवार लोगों के पास सोने से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं थे। पूछताछ में पता चला कि यह सोना रायपुर के एक व्यापारी का है।



गातापार थाना प्रभारी आलोक साहू

**महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़ लाया गया सोना:** जांच में सामने आया कि, सोना महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश होते हुए गातापार के जंगल के रास्ते छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था। इसे खैरागढ़ के ग्रामीण इलाकों से होकर रायपुर पहुंचाना था। कार को चेक पॉइंट पर लंबे समय तक रोका गया।

इस दौरान कुछ स्थानीय व्यापारी वहां पहुंचे। थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को सूचित किए बिना मात्र 2 हजार रुपए का चालान काटकर गाड़ी छोड़ दी।

**टीआई, एसआई समेत 3 पुलिसकर्मी निलंबित:** खैरागढ़ एसपी लक्ष्य शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गातापार थाना प्रभारी आलोक साहू, एसआई नंदकिशोर वैष्णव और प्रधान आरक्षक तैजान ध्रुव को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में बड़े लेन-देन की आशंका जताई गई है। पुलिस गाड़ी के नंबर के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

## हिंद युग्म उत्सव 20 और 21 सितम्बर को दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में




**रायपुर, 10 सितम्बर।** राजधानी रायपुर में साहित्य प्रेमियों के लिए 2 दिवसीय 'हिंद युग्म उत्सव 2025'आयोजित होने जा रहा है, इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ पहली बार इस अनोखे उत्सव कासाक्षी बनेगा।आगामी 20 और 21 सितम्बर कोरायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कहानियाँ, कविताएँ, संगीत और कला का संगम होगा। यह आयोजन कई मायनों में बहुत ख़ास है। जिसमें कई बड़े नामचीन साहित्यकारों को लोग सुनेंगे। साथ ही मानव कौल, राहगीर, फैजल मलिक(पंचायत फेम), परितोष त्रिपाठी, नीलोत्पल मृणाल जैसे बहुत से लेखकों को करीब से जानने और सुनने का मौका मिलेगा। 'हिंद युग्म उत्सव 2025'वर्तमान समय के अतिप्रसिद्ध और महान साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को केंद्र में रखकर आयोजित हो रहा है। जिसमें शुक्ल जी की लिखी कविताओं की नाट्य प्रस्तुतियां होंगी, साथ ही उन पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन होगा।इसके अलावा इस आयोजन में शामिल हो रहे साहित्यप्रेमियों को किताबों की दुनिया, इसके नए ट्रेंड पर परिचर्चाएँ, लेखकों से मुलाक़ात, सिने-अभिनेताओं और सिनेमा-विशेषज्ञों से बातचीत एवं मुलाक़ात, हिन्दवी के 'कैंपस-कविता' कार्यक्रम का विशेष आयोजन, ओपन माइक 'छत्तीसगढ़ : मंच खुला है' का डेडीकेटेड मंच, जहाँ 200 से अधिक नई प्रतिभाएँ अपनी प्रस्तुतियाँ देंगी।

■ देशभर से करीब 100 लेखक साहित्यकार होंगे शामिल
■ आयोजन के केंद्र में होंगे सुप्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल
■ मानव कौल, राहगीर, फैजल मलिक, परितोष त्रिपाठी, दिव्य प्रकाश दुबे, नीलोत्पल मृणाल को सुनेंगे रायपुरियंस

# लगातार तीन हत्याओं से दहल उठा बजरंगपुर-नवागांव

## हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**राजनांगांव, 10 सितम्बर।** शहर के वार्ड नम्बर 1 और 2 में लगातार चाकूबाजी से तीन लोगों की मौत से नवागांव दहल उठा है। कल रात को घायल किशन राजपूत की रायपुर में की मौत हो गई। इसी चाकू बाजी में घटना में राजेश ढीमर की भी मौके में मौत एक दिन पूर्व हुई थी। राजेश और किशन की हत्या के 9 आरोपी कल गिरफ्तार कर लिया था और पुलिस ने परेड भी निकली थी। वहीं दूसरी घटना में घायल सचिन दास मानिकपुरी ने भी दम तोड़ दिया है, सचिन को पांच लोगों ने मिलकर मारा था, जिससे पूरे मोहल्ले में तनाव की स्थिति बनी हुई है। वार्ड वासियो ने जमकर प्रदर्शन किया। वही पुलिस ने वार्ड को छावनी में तब्दील कर दिया है। लगातार हत्याएं होने से लोगो मे डर का माहौल बना हुआ है। वही पुलिस ने नवागांव वार्ड नंबर 1 और 2 में गश्त बढ़ा दी है। हो रहे हत्याएं को लेकर वार्डवासी काफी आक्रोश में है चीखली पुलिस थाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी किये। कल देर रात तक आक्रोशित लोगों को समझाने का भरपूर प्रयास पुलिस वालों ने किया गया। तब जाकर लोग माने। सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने मृतक के परिवार को आश्वासन दिया है कि मामले की विवेचना अच्छी तरह की जाएगी और सभी अपराधियों को सजा मिलेगा। मृतक के परिजनों ने कहा है कि हत्यारे को फांसी की सजा मिलनी चाहिए और अवैध रूप से शराब और गंज लगातार बिक रहा है जिसके कारण अपराध बढ़ रहा है और नवागांव बजरंगपुर में वार्ड में पुलिस चौकी खोलने की मांग की है।



# महाप्रबंधक ने किया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आधुनिक दूरसंचार सुविधा का शुभारंभ

## जीएम इंटरकॉम एक्सचेंज से कार्यप्रणाली हुई प्रभावी

**रायपुर, 10 सितम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दूरसंचार सेवाओं को और अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने नया जीएम इंटरकॉम एक्सचेंज का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर जी.पी. खूंटे, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राजमल खोईवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। यह नया इंटरकॉम एक्सचेंज एस्टरिस्क आधारित आईपी टेलीकॉम प्रणाली पर काम करता है और वॉइस ओवर आईपी तकनीक को सक्षम बनाता है। टेबलटॉप आईपी फोन के माध्यम से ऑडियो और वीडियो कॉल की जा सकती हैं। इसमें कॉल कॉन्फ्रेंसिंग, वन-टच डायलिंग, वीडियो कॉलिंग, कॉल ट्रांसफर और कॉल फॉरवर्डिंग जैसी कई उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध हैं। वीडियो कॉल को बड़े डिस्प्ले यूनिट (टीवी/पीसी) पर भी प्रदर्शित किया जा सकता है, जिससे कार्य प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और सुविधाजनक होगी। एस्टरिस्क प्रणाली ओपन सोर्स आधारित है और किसी भी कंपनी के हार्डवेयर के साथ सहजता से काम कर सकती है। इस प्रणाली से रेलवे में कार्य की गति, दक्षता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस आधुनिक सुविधा को शीघ्र ही रायपुर और नागपुर मंडलों तथा रेलवे आवासों में भी लागू किया जाए, जिससे रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यापक स्तर पर लाभ मिल सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की यह पहल दूरसंचार सेवाओं में नई दिशा प्रदर्शित करती है और प्रशासनिक कार्यों को और अधिक सुगम, प्रभावी और आधुनिक बनाने में मदद करेगी।

# महादेव घाट पर गणेश विसर्जन के दौरान हादसा

■ प्रतिमा गिरने से भड़के युवक क्रेन चालक से की मारपीट

**रायपुर, 10 सितम्बर।** राजधानी के महादेव घाट पर गणेश विसर्जन के दौरान उस समय तनाव का माहौल बन गया, जब एक बड़ी गणेश प्रतिमा नगर निगम के क्रेन से नीचे गिरकर खंडित हो गई। हादसा क्रेन का पट्टा अचानक टूट जाने के कारण हुआ, जिसके बाद समिति से जुड़े युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा। प्रतिमा टूटते ही मौजूद युवकों ने क्रेन ऑपरेटर पर हमला कर दिया। उन्होंने पहले उसे घूंसे-लात मारे और फिर हॉकी स्टिक से भी पीटा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है, जब महादेव घाट पर कई समितियां विसर्जन के लिए पहुंची थीं। प्रतिमा के गिरते ही विवाद की स्थिति बन गई और देखते ही देखते वहां मौजूद युवक आक्रामक हो गए। घायल क्रेन चालक को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यदि समय पर पुलिस और अन्य लोग बीच-बचाव न करते, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और घटना से जुड़े वीडियो की भी पुष्टि की जा रही है।

**गड़बड़ी** — शहीद नंदकुमार पटेल कालेज की प्राचार्या पर निजी स्वार्थ के लिए मतदान कराने का आरोप

# एनएसयूआई ने किया कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन

■ नहीं रुकने पर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

**रायपुर, 10 सितम्बर।** बिरगांव स्थित शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्या पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वे अपने पुत्र के निजी संस्थान को फायदा पहुँचाने के उद्देश्य से कॉलेज के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों पर दबाव डालकर जबरन मतदान करवा रही हैं। यह कृत्य न केवल छात्रों की स्वतंत्रता का हनन है बल्कि शैक्षणिक माहौल को भी दूषित करने वाला है।

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष मुंशाद अली और छात्र नेता राकेश गेंदले जो स्वयं इसी कॉलेज के विद्यार्थी हैं, को जब इस पूरे मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल छात्रों और कार्यकर्ताओं के साथ प्राचार्या कार्यालय का घेराव किया।

इस दौरान उन्होंने प्राचार्या को ज्ञापन सौंपकर चेताया कि इस प्रकार की गतिविधियों को तत्काल रोका जाए, अन्यथा एनएसयूआई सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।



एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष मुंशाद अली ने कहा: शहीद नंदकुमार पटेल जी के नाम से जुड़े इस महाविद्यालय को प्राचार्या अपने निजी स्वार्थ और पारिवारिक फायदे के लिए कलंकित कर रही हैं। यह बेहद शर्मनाक है कि शिक्षकों और छात्रों को पढ़ाई के नाम पर दबाव डालकर जबरन एक निजी संस्थान के लिए मतदान कराया जा रहा है। एनएसयूआई इस तरह की तानाशाही और लोकतंत्र विरोधी कार्यशैली को बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि यह गैरकानूनी दबाव तुरंत नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में हम आंदोलन को और तेज करेंगे और जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।

**एनएसयूआई की चेतावनी:** एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि यह मुद्दा केवल एक कॉलेज का नहीं है, बल्कि यह छात्रों की स्वतंत्रता और शिक्षा व्यवस्था की साख से जुड़ा हुआ मामला है। यदि शीघ्र ही इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई प्रदेश स्तर पर आंदोलन छेड़ेगी।

**छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक**

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को मिलेगी 25 हजार की राशि

■ सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग नहीं करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**रायपुर, 10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में भारत सरकार की राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को 25 हजार रूपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार एक राहवीर को अधिकतम पांच बार मिल सकेगा। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में राहवीर योजना की समीक्षा करते हुए परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के विशेष मौकों पर सम्मानित किया जाए।




इस मौके पर उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा ने अधिकारियों को भारत सरकार की राहवीर योजना का क्रियान्वयन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन में स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया जाए तथा स्कूल, कॉलेजों में भी विद्यार्थियों को इस संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मालवाहक वाहनों में यात्री ढोने पर सख्त कार्यवाही की जाए। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए दोपहिया वाहन चलाने वाले लोगों को हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने कड़ाई से अमल किया जाए। इसी प्रकार चार पहिया वाहन में यात्रा करने वाले लोगों के लिए सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसके अलावा बैठक में सड़कों पर आवारा पशुओं को हटाने और राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य के प्रमुख सड़कों में होर्डिंग लगाने और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता के लिए कंटेन्ट तैयार कर जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। परिवहन मंत्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भारत सरकार की राहवीर योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टरों की अध्यक्षता गठित की गई है। सड़क सुरक्षा समिति में मिलने वाले प्रस्ताव की समीक्षा कर पुरस्कार के लिए राहवीरों का चयन किया जाएगा। यह समिति राज्य के सभी पुलिस थानों और अस्पताल से जानकारी लेकर प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा करेगी। मूल्यांकन समिति में जिला कलेक्टर के अलावा पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला परिवहन अधिकारी शामिल होंगे।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26